हरिभूमि
# हिसार-हांसी भूमि
रोहतक, शुक्रवार 24 अप्रैल 2026

12 नेशनल क्वालिटी ओलंपियाड में गुजवि की...



12 दमकल कर्मियों की मांगों को लेकर रखी हड़ताल...



## खबर संक्षेप

### कैप्टन अभिमन्यु आज नारनौंद में, करेंगे अटल कैंटीन का शुभारंभ

**नारनौंद।** प्रदेश के पूर्व वित्त मंत्री कैप्टन अभिमन्यु शुक्रवार को नारनौंद और बास में आयोजित कार्यक्रमों में भाग लेंगे। बास मार्केट कमेटी चेयरमैन शमशेर मोर ने बताया कि शुक्रवार को प्रदेश के पूर्व वित्त मंत्री कैप्टन अभिमन्यु नारनौंद की ओम नारायण गोशाला में एक कार्यक्रम में शिरकत करेंगे और उसके बाद बास की अनाज मंडी में अटल कैंटीन की शुभारंभ करेंगे। इस कैंटीन में कोई भी व्यक्ति मात्र 10 रुपये में खाना खा सकता है। इस दौरान वह कार्यकर्ताओं से भी मुलाकात करेंगे।

### बरामदों में रखा सामान तो नगर निगम करेगा जब्त

**हिसार।** शहर को अतिक्रमण मुक्त बनाने के लिए नगर निगम द्वारा लगातार अभियान चलाया जा रहा है। गुरुवार को अभियान की शुरुआत दिल्ली रोड से अतिक्रमण हटाकर की। इसके बाद टीम ने तलाकी गेट से लेकर ऋषि नगर तक अतिक्रमण हटाया। इसके बाद बस स्टैण्ड से लेकर सिरसा रोड चुंगी तक अतिक्रमण हटाया। इसके बाद पुरानी ऑटो मार्केट से अतिक्रमण हटाया गया। राजगुरु मार्केट में जब टीम पहुंची तो राजगुरु मार्केट में कुछ दुकानदारों ने बरामदों में सामान रखा हुआ था जिससे हटाया गया। तहबाजारी इंचार्ज सुरेन्द्र शर्मा ने बताया कि यदि बरामदों में किसी का सामान मिला तो सामान को जब्त किया जाएगा।

### युवा स्वर्णकार सेवा संघ के प्रदेश उपाध्यक्ष बने भारत

**हिसार।** भारत सोनी के कार्यालय पर आयोजित एक कार्यक्रम में विशेष रूप से पहुंचे हरियाणा स्वर्णकार सेवा संघ के प्रदेश अध्यक्ष जोगेंद्र वर्मा का स्वागत किया गया। इस दौरान भारत सोनी को स्वर्णकार सेवा संघ हरियाणा (युवा) का उपाध्यक्ष नियुक्त किया गया। इस अवसर पर स्वर्णकार सेवा संघ, हिसार तहसील के प्रधान रामनिवास सोनी, विजय कुमार बिट्टू, संघ के प्रदेश महामंत्री गुरदीप सिंह चड्डा, प्रचार सचिव सुरेंद्र पाल, प्रदेश सह सचिव कृष्ण कुमार, महेंद्र झुम्पा, विनोद तोसावर, चंद्रभान, सतपाल सर्राफ, विक्रम सरपंच, ओमप्रकाश, प्रकाश, बंसीलाल, रामप्रकाश, नरेश पातन, विनु, देवेंद्र कुमार, कृष्ण देवाल, राम वर्मा, रोहित दलाल आदि थे।

### यातायात नियमों का पालन करें जिलावासी

**हांसी।** डीसी राहुल नरवाल ने सभी जिला वासियों से अपील की है कि वे यातायात नियमों का पालन करें, ताकि सड़क पर कोई भी दुर्घटना नहीं हो। इसके साथ ही सड़क सुरक्षा समिति से संबंधित अधिकारी सड़क सुरक्षा नियमों की पालना करवाने के साथ-साथ मुख्य सुविधाएं प्रदान करना भी सुनिश्चित करें। डीसी राहुल नरवाल ने कहा कि स्कूलों, कालेजों के साथ-साथ आम लोगों को सड़क सुरक्षा के प्रति जागरूक करें। उन्होंने कहा कि यातायात पुलिस लोगों को जागरूक करने के साथ-साथ सख्त कार्रवाई भी अमल में लाएं।

### दयानंद कॉलेज में दी शेक्सपियर को पुष्पांजलि

**हिसार।** दयानंद कॉलेज की साहित्यिक सोसायटी एवं अंग्रेजी विभाग की ओर से विश्वविख्यात साहित्यकार विलियम शेक्सपियर की जयंती पर कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ अत्यंत श्रद्धा और सम्मान के साथ प्राचार्य, शिक्षकों एवं विद्यार्थियों द्वारा शेक्सपियर के चित्र पर पुष्पांजलि अर्पित कर किया गया। महाविद्यालय के प्राचार्य प्रोफेसर (डॉ.) विक्रमजीत सिंह ने कहा कि शेक्सपियर की रचनाएं केवल शब्दों का संयोजन नहीं हैं, बल्कि वे मानव जीवन की गहराइयों को समझने का माध्यम हैं। इस मौके पर अंग्रेजी विभागाध्यक्ष प्रोफेसर (डॉ.) यशु राय तायल, संयोजक डॉ. संगीता व सह-संयोजक डॉ. रीतू सरदाना आदि मौजूद थे।

## यूएलबी मुख्यालय ने लगाई नई आपत्ति, अब तीन नहीं दो फ्लोर का होगा प्रोजेक्ट

# सिटी थाना के सामने प्रस्तावित मल्टी स्टोरी पार्किंग प्रोजेक्ट फिर लटका

**संशोधित प्रोजेक्ट तैयार करने के लिए निगम अधिकारियों ने फिर से शुरू की एक्सरसाइज**

हरिभूमि न्यूज ⏭ हिसार

सिटी थाना के सामने प्रस्तावित मल्टी स्टोरी पार्किंग को लेकर अभी और इंतजार करना पड़ेगा। इसकी वजह नगर निगम के मल्टी स्टोरी पार्किंग प्रोजेक्ट पर स्थानीय शहरी निकाय (यूएलबी) मुख्यालय द्वारा कुछ नई आपत्ति लगाए जाना है। निगम ने नई आपत्ति को दूर करके नए सिरे से संशोधित प्रोजेक्ट को जल्द ही मुख्यालय भेजेगा।

अगर सब कुछ ठीक-ठाक रहता है तो करीब साढ़े 11 साल से अधर में लटके मल्टी स्टोरी पार्किंग प्रोजेक्ट के धरातल पर आने की उम्मीद की सकती है। फिलहाल निगम प्रशासन ने मुख्यालय द्वारा दिए गए निर्देश के अनुसार प्रस्तावित मल्टी स्टोरी पार्किंग प्रोजेक्ट पर फिर से एक्सरसाइज शुरू कर दी है। बताया जाता है कि अब मल्टी स्टोरी पार्किंग में तीन बेसमेंट के अलावा दो फ्लोर बनाने की परियोजना पर कार्य किया जाएगा।

### ये बनाया था पहला प्रोजेक्ट

पूर्व में मंजूर किए गए प्रोजेक्ट के अनुसार मल्टी स्टोरी पार्किंग पीपीपी मोड के तहत एजेंसी को 99 साल के पट्टे पर दी जाएगी। इसमें 3 बेसमेंट होगी और इसके अलावा भूतल पर एक कम्युनिटी हॉल जोकि 1 हजार 25 वर्ग मीटर का होगा। ये सभी नगर निगम के पास रहेगा जिसका इस्तेमाल नगर निगम करेगा। इसके अलावा बाकी क्षेत्र एजेंसी के पास होगा। जबकि ऊपर की तीन मंजिलों का इस्तेमाल एजेंसी करेंगी। इसका डिजाइन राष्ट्रीय औद्योगिक संस्थान (एनआईटी) कुरुक्षेत्र ने तैयार किया था। इस प्रोजेक्ट की अनुमानित लागत 152.70 करोड़ रुपये आंकी गई थी। इसमें लगभग 850 वाहनों की पार्किंग होगी। यह प्रोजेक्ट आधुनिक सुविधाओं से युक्त होगा, जिसमें सुरक्षा के उच्च मानक, सीसीटीवी निगरानी आदि सुविधाएं शामिल होगी।

### पूर्व सीएम मनोहर ने की थी घोषणा

मुख्यमंत्री बनने के बाद पहली बार हिसार दौरे पर हुए मनोहर लाल ने 29 दिसंबर 2014 में शहर के लिए मल्टी स्टोरी पार्किंग बनवाने की घोषणा की थी। वर्ष 2018 में नगर निगम को सिटी थाने के सामने जीएलएफ की 2 एकड़ एक कनाल 12 मरला जमीन मिली। शुरुआत में इस प्रोजेक्ट के लिए सरकार को बजट उपलब्ध करवाना था। मगर वर्ष 2019 में निगम ने इसे पीपीपी मोड पर बनवाने का फैसला किया। वर्ष 2020 में निगम प्रशासन ने इस प्रोजेक्ट को सरकारी बजट से ही सिरे चढ़ाने का फैसला किया। बाद में सरकार ने इस प्रोजेक्ट के लिए बजट की असमर्थता जता दी। इसके बाद नगर निगम ने इसे फिर से पीपीपी मोड से ही बनाने का निर्णय लिया।

### शहर का हार्ट कहे जानी वाली राजगुरु मार्केट समेत आसपास की बाजारों में पार्किंग की है बड़ी समय

शहर का हार्ट कहे जाने वाली राजगुरु मार्केट समेत इसके आसपास के बाजारों में पार्किंग की बड़ी समय है। पार्किंग की व्यवस्था नहीं होने के कारण वाहन चालक सड़क पर ही वाहन पार्क करके मार्केट में खरीदारी व अन्य कार्यों के चलते चले जाते हैं। इस कारण राजगुरु मार्केट समेत अन्य बाजारों में जाम की स्थिति बनी रहती है। फेस्टिवल सीजन में तो हालात काबू से बाहर हो जाते हैं। मल्टी स्टोरी पार्किंग में करीब 850 वाहन खड़े किए जा सकेंगे। इस प्रोजेक्ट के सिरे चढ़ने से मार्केट में पार्किंग व जाम लगने की समस्या का काफी हद तक समाधान हो जाएगा।

### फिर से प्रोजेक्ट भेजा जाएगा



सिटी थाना के सामने मल्टी स्टोरी पार्किंग का लेकर मुख्यालय ने कुछ आपत्ति लगाई है। मुख्यालय ने तीन मंजिला बेसमेंट के अलावा उस पर तीन फ्लोर की जगह अब दो ही फ्लोर बनाने के प्रोजेक्ट पर काम करने के लिए कहा है। अब मल्टी स्टोरी पार्किंग प्रोजेक्ट को नए सिरे बनाकर मुख्यालय को भेजा जाएगा। **-नीरज,** निगमायुक्त।

## एसपी ने ट्रैफिक थाना प्रभारी एसआई प्रेम को किया सस्पेंड

- नशे की हालत में होने का आरोप, अस्पताल में मेडिकल करवाने के बाद की गई कार्रवाई

हरिभूमि न्यूज ⏭ हांसी

पुलिस अधीक्षक विनोद कुमार ने ट्रैफिक थाना प्रभारी सब-इंस्पेक्टर प्रेम कुमार को सस्पेंड कर दिया है। इससे पहले गुरुवार दोपहर को सीआईए व अन्य पुलिसकर्मी प्रेम कुमार को हांसी के सामान्य अस्पताल ले गए, जहां उनका मेडिकल कराया गया। इसके बाद एसपी ने सस्पेंड की कार्रवाई की। चर्चा है कि प्रेम कुमार नशे की हालत में थे। हालांकि प्रेम कुमार ने अपने उपर लगे आरोपों को गलत बताया है।

पुलिस अधीक्षक के अनुसार उन्हें प्रेम कुमार के शराब पीने की सूचना मिली थी, जिसके आधार पर मेडिकल करवाकर विभागीय नियमों के तहत यह कार्रवाई की गई। चर्चा है कि पुलिस अधीक्षक ने प्रेम कुमार को अपने कार्यालय बुलाया था, लेकिन वह बार-बार कोई बहाना बनाकर आने से मना करते रहे। उधर, सब इंस्पेक्टर प्रेम कुमार ने इन आरोपों को सिरे से खारिज किया है। उन्होंने आरोप लगाया कि कुछ पुलिसकर्मियों और अधिकारियों ने उनके साथ मारपीट की और उन्हें इस तरह अस्पताल ले जाया गया, जैसे वह कोई अपराधी हों। उन्होंने दावा किया कि सिविल अस्पताल में उनका मेडिकल ठीक तरीके से नहीं होने दिया गया। वे इस पूरे मामले की शिकायत लेकर चंडीगढ़ में मुख्यमंत्री से मिलेंगे।

## महिला की हत्या के दोषी को उम्रकैद, चार लाख जुर्माना

### 2012 में रंजिश के चलते हुई थी रोशनी देवी की हत्या

**पड़ोस में ही रहने वाले पवन ने मार दी थी गोली, इलाज के दौरान हो गई थी मौत**

हरिभूमि न्यूज ⏩ हिसार

अतिरिक्त जिला एवं सत्र न्यायाधीश सौरव खत्री की अदालत ने साल 2012 मे हांसी मे रंजिश के चलते महिला रोशनी देवी की हत्या के मामले में हांसी निवासी दोषी पवन को उम्रकैद की सजा सुनाई है। अदालत ने दोषी पर जुर्माना भी लगाया है।

अदालत में चले मामले के अनुसार इस संबंध में हांसी के लक्ष्मण चौतरा की निवासी 54 वर्षीय राम प्रसाद ने पुलिस को शिकायत दी थी। शिकायत में उसने कहा कि 12 मई 2012 की रात करीब 10:30 बजे वह अपने परिवार के साथ घर पर मौजूद थे। इसी दौरान किसी ने दरवाजा खटखटाया। उनकी पत्नी रोशनी देवी गेट खोलने के लिए गईं। जैसे ही गेट खोला, बाहर दो मोटरसाइकिलों पर सवार चार युवक खड़े थे। इनमें से एक युवक पवन था, जो उसी गली का रहने वाला था। आरोप है कि पवन ने अचानक रोशनी देवी पर गोली चला दी, जिससे वह गंभीर रूप से घायल हो गईं। पवन के साथियों ने राम प्रसाद पर भी हवाई फायरिंग की, लेकिन वह बाल-बाल बच गए। वारदात के बाद आरोपी मौके से फरार हो गए। घटना का कारण पुरानी रंजिश बताया गया। घायल रोशनी देवी को अस्पताल में भर्ती कराया गया, जहां इलाज के दौरान उनकी मौत हो गई। इसके बाद पुलिस ने मामले में हत्या की धारा जोड़ी थी। मुख्य आरोपी पवन घटना के बाद फरार हो गया था और उसे 2013 में भगोड़ा घोषित कर दिया गया था। बाद में 2021 में उसे गिरफ्तार किया गया। सुनवाई के दौरान शिकायतकर्ता राम प्रसाद की मृत्यु हो चुकी थी। इसी मामले में अदालत ने दोषी को उम्र कैद व चार लाख जुर्माने की सजा सुनाई है।

## करंट लगने से सात वर्षीय बच्चे की मौत

**हांसी।** क्षेत्र के गांव उमरा में गुरुवार की दोपहर सात वर्षीय बच्चे की करंट लगने से मौत हो गई। बच्चा स्कूल से घर लौटने के बाद कपड़े बदल रहा था, तभी वह पानी की मोटर की खुली तार के संपर्क में आ गया। इस घटना के बाद गांव में शोक का माहौल है।

मृतक बच्चे की पहचान उमरा निवासी सात वर्षीय तनुज के रूप में हुई है, जो तीसरी कक्षा का छात्र था। गुरुवार को वह हमेशा की तरह स्कूल से घर लौटा था। घर पहुंचने पर जब वह कपड़े बदल रहा था, तभी पानी की मोटर की खुली तार के संपर्क में आ गया। तार में करंट प्रवाहित होने के कारण तनुज को गंभीर झटका लगा। परिजन तुरंत तनुज को गंभीर हालत में हांसी के एक निजी अस्पताल ले गए। जहां डॉक्टरों ने उसे प्राथमिक उपचार के बाद सामान्य अस्पताल रेफर कर दिया। सामान्य अस्पताल पहुंचने पर डॉक्टरों ने जांच के उपरांत बच्चे को मृत घोषित कर दिया। तनुज के पिता सतीश गुरुग्राम में एक निजी कंपनी में कार्यरत हैं, जबकि उनकी माता गृहिणी हैं। तनुज की एक बड़ी बहन भी है। इस दुखद घटना से पूरा परिवार सदमे में है। अस्पताल में परिजनों का विलाप सुनकर वहां मौजूद लोगों की आंखें भर आईं। गांव उमरा में भी इस हादसे के बाद से शोक का माहौल है।

## गगनखेड़ी के पास ट्रैक्टर-ट्रॉली और कार की टक्कर में रिटायर्ड फौजी की जान गई

हरिभूमि न्यूज ⏩ हांसी



हांसी। जींद रोड ट्रैक्टर ट्राली में घुसने पर क्षतिग्रस्त कार।

जींद रोड स्थित गांव गगनखेड़ी के पास गुरुवार सुबह करीब 11 बजे हुए एक ट्रैक्टर ट्राली व कार के बीच हुई टक्कर में कार सवार रिटायर्ड सीआईएसएफ कर्मचारी की मौत हो गई। मृतक की पहचान नारनौंद उपमंडल के गांव बडाला व हाल विकास नगर कॉलोनी निवासी 65 वर्षीय जयबीर सिंह के रूप में हुई है। राहगीरों ने तुरंत डायल-112 पर फोन कर हादसे की सूचना दी। सूचना के बाद मौके पर पहुंची डायल 112 टीम ने घायल फौजी को गाड़ी से निकाल उपचार के लिए नागरिक अस्पताल पहुंचाया जहां चिकित्सकों ने उसे मृत घोषित कर दिया।

सूचना मिलने पर शेखपुरा चौकी पुलिस ने नागरिक अस्पताल पहुंच शव को कब्जे में लेकर मृतक जयबीर के पुत्र सौरभ के बयान पर अज्ञात ट्रैक्टर चालक के खिलाफ लापरवाही से वाहन चलाने तथा गैर इरादतन की धाराओं के तहत मामला दर्ज कर शव का पोस्टमार्टम करवा कर परिजनों को सौंप मामले की जांच आरंभ कर दी है। पुलिस से प्राप्त जानकारी के अनुसार जयबीर सिंह अपनी कार से जींद से हांसी की ओर आ रहे थे। गगनखेड़ी गांव के पास उनकी कार आगे चल रही लकड़ी से भरी ट्रैक्टर-ट्रॉली से टकरा गई। टक्कर इतनी भीषण थी कि कार के परखच्चे उड़ गए और जयबीर गंभीर रूप से घायल हो गए। मृतक अपने पीछे दो बेटे और एक बेटी छोड़ गया। मृतक जयबीर का बड़ा बेटा विकास सीआईएसएफ में कार्यरत हैं। जबकि छोटा बेटा सौरभ पिता के साथ हांसी रहता है और घटना की सूचना मिलने पर परिजनों के साथ अस्पताल पहुंचा। वहीं सड़क हादसे में रिटायर्ड फौजी जयबीर की मौत की सूचना मिलने पर गांव में शोक की लहर दौड़ गई और काफी संख्या में ग्रामीणों ने अस्पताल पहुंच जयबीर के परिजनों को ढांढस बंधाया।

## बांडाहेड़ी में 52 एकड़ गेहूं की फसल के फाने जलकर राख

**नारनौंद।** बास क्षेत्र के गांव बांडाहेडी में गेहूं के फानों में भीषण आग लगने से चार किसानों के करीब 52 एकड़ फसल अवशेष जलकर राख हो गए। आग की लपटें इतनी तेज थीं कि कुछ ही पलों में फाने जल कर राख हो गए। आग लगते ही किसान खेतों में पहुंच गए। सूचना मिलते ही ग्रामीणों ने आग बुझाने के प्रयास शुरू किए और साथ ही पुलिस व फायर ब्रिगेड को सूचना दी।जानकारी के अनुसार गांव बांडाहेड़ी के किसान अजीत के 21 एकड़, राजेश के 14 एकड़, नरेंद्र के 9 एकड़ तथा समुद्र के 8 एकड़ खेतों में रखा गेहूं का फाना आग की चपेट में आ गया। आग तेजी से फैलती गई, जिससे आसपास के खेतों में भी खतरा पैदा हो गया। मौके पर पहुंचे ग्रामीणों ने ट्रैक्टरों, पानी के टैंकरों और अन्य संसाधनों की मदद से आग पर काबू पाने की कोशिश की। सूचना मिलते ही बास थाना प्रभारी बलवान सिंह पुलिस टीम के साथ मौके पर पहुंचे, वहीं फायर ब्रिगेड की गाड़ी ने ग्रामीणों के सहयोग से कड़ी मशक्कत के बाद आग पर काबू पाया। समय रहते आग पर नियंत्रण नहीं होता तो नुकसान और अधिक हो सकता था। आग लगने के कारणों का फिलहाल पता नहीं चल पाया है, लेकिन प्रारंभिक तौर पर अज्ञात कारण बताए जा रहे हैं। घटना के बाद प्रभावित किसानों ने प्रशासन से नुकसान का आकलन कर मुआवजा देने की मांग उठाई है। किसानों का कहना है कि फाना पशुओं के चारे और अन्य जरूरतों के लिए रखा गया था, जिसके जलने से उन्हें आर्थिक नुकसान झेलना पड़ेगा। गांव में इस घटना के बाद चिंता का माहौल है। गर्मी के मौसम में खेतों में आग की घटनाओं को लेकर ग्रामीणों ने प्रशासन से सतर्कता बढ़ाने और आग से बचाव के पुख्ता इंतजाम करने की मांग की है। पुलिस मामले की जांच में जुटी है।

## वनवासी नृत्य और योग का अदभुत प्रदर्शन



वनवासी कल्याण आश्रम की ओर से शहर के देवी भवन स्थित गोयनका सदन में सांस्कृतिक कार्यक्रम व स्वागत समारोह का आयोजन हुआ। छात्राओं ने उत्तराखंड जनजाति जौनसारी नृत्य व पूर्वोत्तर राज्यों के संयुक्त नृत्य की प्रस्तुति से मंच पर ही वनवासी संस्कृति को जीवंत कर दिया। उन्होंने शिव तांडव नृत्य के माध्यम से भगवान शिव के विभिन्न रूपों से साक्षात्कार करवाया और योग नृत्य के माध्यम से योग को जीवन में अपनाने का संदेश भी दिया। असम, मेघालय, मणिपुर, मिजोरम, अरुणाचल प्रदेश, नागालैंड, त्रिपुरा, सिक्किम, लद्दाख व कश्मीर सहित विभिन्न वनवासी राज्यों की संस्कृति को मंच पर जीवंत करके अनेकता में एकता का संदेश भी दिया। -विस्तृत पेज 12 पर

## सर्वेश अस्पताल का कर्मचारी साढ़े 9 लाख रुपये लेकर फरार, मामला दर्ज

- मरीजों से आई रकम हेड कैशियर के पास नहीं करवाई जमा, जांच में जुटी पुलिस

**हिसार।** शहर के सेक्टर-14 स्थित सर्वेश अस्पताल का एक कर्मचारी अस्पताल को लाखों की चपत लगा गया। अस्पताल के बिलिंग स्टाफ में कार्यरत उक्त कर्मी कलेक्शन की कुल नकदी लगभग साढ़े नौ लाख रुपए लेकर फरार हो गया। आरोपी ने यह रकम हेड कैशियर को जमा नहीं करवाई और अपना फोन बंद कर लिया। पुलिस ने अस्पताल के एचआर मैनेजर की शिकायत पर आरोपी के खिलाफ केस दर्ज किया है।

अस्पताल के एचआर मैनेजर मिर्जापुर निवासी राममेहर सिंह ने पुलिस को बताया कि आरोपी दिनेश ढांडा नवदीप कॉलोनी का रहने वाला है। वह अस्पताल में बिलिंग स्टाफ के पद पर तैनात था। उसका काम मरीजों की पर्ची काटकर कैश इकट्ठा करना था। गत 20 व 21 अप्रैल के कलेक्शन की जब जांच की गई तो पता चला कि दिनेश ने 9 लाख 480 रुपये की राशि हेड कैशियर के पास जमा ही नहीं कराई और गायब हो गया। अस्पताल प्रशासन ने अपने स्तर पर दिनेश की तलाश की और उसे फोन करने की कोशिश की, लेकिन उसका मोबाइल स्विच ऑफ आ रहा था। इसके बाद मामले की सूचना पुलिस को दी गई। अनाज मंडी चौकी इंचार्ज को दी गई शिकायत के आधार पर पुलिस ने कार्रवाई शुरू कर दी है। पुलिस ने आरोपी दिनेश ढांडा के खिलाफ केस दर्ज कर लिया है। मामले के जांच अधिकारी अनाज मंडी चौकी के हवलदार नसीब सिंह ने बताया कि मैनेजर की शिकायत पर मुकदमा दर्ज कर लिया गया है। पुलिस टीम घटनास्थल का मौका मुआयना कर चुकी है। आरोपी की गिरफ्तारी और नकदी बरामदगी के प्रयास किए जा रहे हैं।

## अग्रोहा क्षेत्र में ढहाए अवैध निर्माण

- अचानक हुई डीटीपी की कार्रवाई से लोगों में अफरा-तफरी, 5 घंटे तक चला अभियान

हरिभूमि न्यूज ⏩ हिसार



जिला नगर योजनाकर विभाग की टीम ने अवैध रूप से पनप रही कॉलोनियों के प्रति कड़ा रुख अपनाया है। इसके चलते विभाग की टीम ने अग्रोहा क्षेत्र में अनाधिकृत कालोनियों के खिलाफ बड़ी कार्रवाई की। अग्रोहा मोड़ स्थित विकास नगर में जिला टीम ने लगभग पांच घंटे तक अभियान चलाकर अवैध निर्माणों ढहा दिए।

कार्रवाई के दौरान विभाग की टीम ने तीन अलग-अलग अवैध कालोनियों में बने निर्माणों पर जेसीबी मशीन चलाते हुए उन्हें गिरा दिया। इस दौरान नींव भरे प्लॉट, चारदीवारी और कालोनियों के बनाए गए रोड नेटवर्क को भी पूरी तरह उखाड़ दिया गया। अचानक हुई इस कार्रवाई से क्षेत्र में हड़कंप मच गया और लोगों में अफरा-तफरी का माहौल देखने को मिला। कॉलोनाइजेशन और अनधिकृत निर्माणों के खिलाफ भविष्य में भी इसी तरह की सख्त कार्रवाई जारी रहेगी, ताकि शहरी नियोजन नियमों का पालन सुनिश्चित किया जा सके।

इस अभियान में ड्यूटी मजिस्ट्रेट के रूप में एसडीओ बी एंड आर आदमपुर रजत मेहता मौजूद रहे। उनके साथ जिला नगर योजनाकार (डीटीपी) दिनेश कुमार, जेई हरिमोहन सहित विभागीय अधिकारी और भारी पुलिस बल तैनात रहा, ताकि कार्रवाई शांतिपूर्ण ढंग से संपन्न कराई जा सके। डीटीपी दिनेश कुमार ने मौके पर मौजूद लोगों को सख्त चेतावनी देते हुए कहा कि आमजन अवैध कालोनियों में किसी भी प्रकार का निर्माण कार्य न करें।

**हाय गर्मी** | मरुस्थलीय शुष्क गर्म हवाओं से पारे ने पकड़ी रफ्तार

# पारा $42^{0}$ पार, सीजन का सबसे गर्म दिन

हरिभूमि न्यूज ⏭ हिसार

हिसार और आसपास के क्षेत्रों में मरुस्थलीय शुष्क और गर्म हवाओं का आगाज जारी है। गुरुवार को हिसार का अधिकतम पारा 42.1 डिग्री सेल्सियस पर पहुंच गया, जोकि इस सीजन में सर्वाधिक है। रात के पारे में भी उछाल का दौर जारी है। रात्रि पारा 22.4 डिग्री सेल्सियस दर्ज किया गया।

उधर, मौसम वैज्ञानिक डॉ. चंद्रमोहन के अनुसार आने वाले दिनों में हरियाणा पर भीषण आग उगलने वाली गर्मी में बढ़ोतरी जारी रहेगी। हालांकि एक के बाद एक पश्चिमी विक्षोभ सक्रिय होने से हरियाणा एनसीआर दिल्ली में मौसम में बदलाव देखने को मिलेगा तेज गति की हवाओं, आंधी, अंधड़ और हल्की बारिश बूंदाबांदी की गतिविधियों की सम्भावना परन्तु आने वाले दिनों में हरियाणा में और अधिक तापमान में उछाल और उफ़ान जारी रहेगा और कुछ स्थानों पर हीटवेव की स्थिति बनी रहेगी।



### भीषण गर्मी और हीट वेव से बचाव को लेकर एडीसी ने की समीक्षा

भीषण गर्मी व हीट वेव से बचाव को लेकर अतिरिक्त उपायुक्त उत्सव आनंद ने गुरुवार को संबंधित विभागों के अधिकारियों की बैठक ली। बैठक में विभागों द्वारा किए जाने वाले प्रबंधों की विस्तारपूर्वक समीक्षा की गई। उन्होंने भीषण गर्मी व हीट वेव से बचाव के लिए विशेषकर बुजुर्गों, बच्चों एवं पुरानी बीमारियों से ग्रस्त लोगों को अतिरिक्त सावधानी बरतने का आह्वान किया। अतिरिक्त उपायुक्त ने कहा कि आने वाले दिनों में भीषण गर्मी के मद्देनजर अस्पतालों में हीट स्ट्रोक के मरीजों के लिए ओआरएस, ठंडे पानी, बर्फ व जरूरी दवाओं जैसी विशेष व्यवस्था सुनिश्चित की जाए। हीट वेव प्रबंधन के लिए स्वास्थ्य विभागों को त्वरित कार्रवाई योजना तैयार रखने के निर्देश दिए गए। श्रमिकों के लिए विशेष स्वास्थ्य जांच शिविर लगाने के भी निर्देश दिए गए। उन्होंने कहा कि गर्मी बढ़ने से बिजली की मांग बढ़ेगी, इसलिए निर्बाध बिजली और पेयजल आपूर्ति बनाए रखने के लिए विशेष प्रबंध किए जाएं। इस अवसर पर जिला परिषद सीईओ सुभाष चंद्र, जिला राजस्व अधिकारी श्याम लाल, सिविल सर्जन डॉ सपना गहलावत, डीडीपीओ नरेंद्र सिंह, अतिरिक्त निगमायुक्त डॉ प्रदीप हुड्डा, डिप्टी सिविल सर्जन डॉ सुभाष खतरेजा, डीआईओ दीपक भारद्वाज, जिला शिक्षा अधिकारी वेद प्रकाश दहिया सहित संबंधित विभागों के अधिकारी उपस्थित रहे।

बच्चो, तुमने तोते या किसी अन्य जंतु को मनुष्य की आवाज या विभिन्न तरह की ध्वनियों की नकल करते सुना होगा। ये पशु-पक्षी क्यों और कैसे आवाजों की नकल कर लेते हैं, इस बारे में जानो।



# आवाजों की नकल करने में माहिर होते हैं कुछ पशु-पक्षी

जानकारी
शिखर चंद जैन

बच्चो, कुछ पशु-पक्षियों में इंसान की बोली की नकल करने की क्षमता पाई जाती है। कई जंतु तो ऐसे भी होते हैं, जो मनुष्य की बोली के अलावा अन्य स्रोतों से आ रही आवाजों की भी हू-ब-हू नकल कर लेते हैं। तोता, मैना, लायरबर्ड जैसे पक्षी और डॉल्फिन जैसे जलीय जंतु में ये गुण विशेष रूप से पाए जाते हैं। मनुष्य की बोली या फिर किसी आवाज की नकल करने की क्षमता इन जंतुओं की शारीरिक संरचना, मस्तिष्क की संरचना और बुद्धिमत्ता पर निर्भर करती है। इसे विस्तार से जानो-

## विशिष्ट स्वर तंत्र

कुछ पक्षियों में सिरिंक्स नामक एक विशेष अंग स्वरयंत्र होता है, जो उनके श्वास नली में स्थित होता है। यह मनुष्यों के स्वरयंत्र लैरिंक्स से अलग होता है, यह इन पक्षियों में विभिन्न ध्वनियों को उत्पन्न करने में अत्यधिक लचीलापन प्रदान



करता है। तोता, मैना और लायरबर्ड जैसे पक्षियों में सिरिंक्स की मांसपेशियां जटिल ध्वनियों को दोहराने में सक्षम होती हैं। लायरबर्ड का सिरिंक्स तो इतना विकसित होता है कि यह चेनसॉ या कैमरे के शटर जैसी यांत्रिक ध्वनियों की भी नकल कर सकता है। पक्षियों के अलावा डॉल्फिन जैसे कुछ स्तनधारी जंतु नाक के छिद्रों और गले की



मांसपेशियों का उपयोग करके ध्वनियां उत्पन्न करते हैं। ये जीव मानव सीटी या क्लिक्स जैसी ध्वनियों की भी नकल कर सकते हैं। उनकी नकल शब्दों तक सीमित होती है। इन प्राणियों में ध्वनि उत्पन्न करने वाली मांसपेशियों पर उच्च स्तर का नियंत्रण होता है, जिससे वे विभिन्न आवृत्तियों और स्वरों को दोहरा सकते हैं।

## उत्कृष्ट श्रवण क्षमता

आवाज या ध्वनि की नकल करने वाले प्राणी उत्कृष्ट श्रवण क्षमता रखते हैं, जो उन्हें जटिल ध्वनियों को सुनने, विश्लेषण करने और दोहराने में मदद करती है। जैसे अफ्रीकी ग्रे पैरेट न केवल शब्दों को दोहराता है, बल्कि उनके स्वर और लहजे को भी कॉपी करता है। लायरबर्ड जैसे पक्षी पर्यावरणीय ध्वनियों को सुनकर उन्हें सटीक रूप से दोहराते हैं।

## मस्तिष्क की बुद्धिमत्ता और स्मृति

कुछ पक्षियों, जैसे अफ्रीकी ग्रे पैरेट और रेवेन में बड़ा और जटिल मस्तिष्क होता है, विशेष रूप से उनका फोरब्रेन क्षेत्र, जो ध्वनियों को सीखने और



याद रखने में मददगार होता है। न्यूरोलॉजिकल अध्ययनों के अनुसार तोते में एक विशेष मस्तिष्क क्षेत्र होता है, जिसे 'सॉन्ग सिस्टम' कहा जाता है। यह क्षेत्र ध्वनियों को सीखने और उन ध्वनियों को दोहराने में मदद करता है। डॉल्फिन में भी बड़ा मस्तिष्क और जटिल न्यूरल नेटवर्क होता है, जो इसे ध्वनियों को समझने और दोहराने में सक्षम बनाता है।

## सामाजिक संपर्क और प्रशिक्षण

कई बार पालतू पक्षी जैसे तोता-मैना आदि मानव संपर्क में रहने के कारण नकल करते हैं। वे बार-बार सुने गए शब्दों या वाक्यांशों को सीख लेते हैं, उन्हें दोहराते हैं। लायरबर्ड जैसे जंगली पक्षी सामान्य तौर पर प्राकृतिक ध्वनियों (जैसे- पशु-पक्षियों की आवाजें या अन्य ध्वनियां, जो उन्हें सुनाई देती हैं) की ही नकल लेते हैं। लेकिन इंसानों के संपर्क में आने पर, इंसानों की आवाज सुनकर लायरबर्ड्स इंसानी बोली की भी नकल कर सकते हैं। *

## क्यों करते हैं नकल

**बच्चो, तुम** सोच सकते हो कि ये जंतु आवाजों की नकल क्यों करते हैं? नकल करने का जो कारण है, वह इन प्राणियों के प्राकृतिक व्यवहार, सामाजिक संरचना और अस्तित्व की रणनीतियों से जुड़ा होता है।



**सामाजिक संवाद**: ज्यादातर पक्षी और डॉल्फिन सामाजिक प्राणी हैं। नकल उनकी सामाजिक संरचना का हिस्सा है, जिसके माध्यम से वे अपने समूह के अन्य सदस्यों के साथ संवाद करते हैं। जैसे तोता और मैना अपने झुंड में पहचान स्थापित करने के लिए विशिष्ट ध्वनियों की नकल करते हैं। पालतू होने पर वे मानव को अपने 'झुंड' का हिस्सा मानकर और कभी-कभी उनसे मैत्री भाव दर्शाने के लिए भी उनकी बोली की नकल करते हैं। डॉल्फिन अपने समूह (पॉड) में संवाद के लिए सीटियां और क्लिक्स का उपयोग करती हैं। मानव ध्वनियों की नकल उनके सामाजिक बुद्धिमत्ता का हिस्सा हो सकती है।

**पर्यावरणीय अनुकूलन**: जंगली पक्षी, जैसे कौए और रेवेन पर्यावरणीय ध्वनियों की नकल करके अपने आस-पास के खतरों या अवसरों को समझते हैं। उदाहरण के लिए वे शिकारियों की आवाज की नकल करके अन्य जानवरों को चेतावनी देते हैं। लायरबर्ड जैसे पक्षी पर्यावरण की ध्वनियों (जैसे पानी की आवाज या अन्य पक्षियों की कॉल) की नकल करके अपने क्षेत्र में छिपने या संवाद करने में मदद लेते हैं।

**बुद्धिमत्ता और जिज्ञासा**: अफ्रीकी ग्रे तोते और डॉल्फिन जैसे प्राणी अत्यधिक बुद्धिमान होते हैं। उनकी जिज्ञासा और सीखने की क्षमता उन्हें नई ध्वनियों को सीखने और दोहराने के लिए प्रेरित करती हैं। अध्ययनों में पाया गया है कि अफ्रीकी ग्रे तोता 'एलेक्स' न केवल शब्दों को दोहराता था बल्कि उनके अर्थ को समझकर संदर्भ में जवाब देता था, जैसे रंग या आकार के आधार पर वस्तुओं की पहचान करना।

**मानव संपर्क का प्रभाव**: पालतू पक्षी जैसे तोता, मैना और बजरिगर, मानव बोली की नकल इसलिए करते हैं, क्योंकि वे अपने मालिकों के साथ अच्छे संबंध बनाना चाहते हैं। यह उनके सामाजिक लगाव का हिस्सा है। मानव द्वारा प्रशिक्षण और पुरस्कार जैसे भोजन या ध्यान आकर्षण भी उन्हें नकल करने के लिए प्रोत्साहित करते हैं।

---

पुलकित ने एक दिन अपनी मां को बताया कि वह बड़ा होकर वैज्ञानिक बनेगा। उसका यह सपना पूरा हो, इसके लिए मां ने उसे जो सूत्र दिया, बच्चो तुम भी जानो, अपने सपने पूरे करो।

# पुलकित का सपना



एआई इमेज



प्रेरक कहानी
नीलम राकेश

बारह साल का पुलकित उस दिन मां के पास आकर बोला, 'मम्मी जी, मैंने फैसला कर लिया है कि मैं बड़ा होकर क्या बनूंगा?'

'अरे वाह! यह तो बहुत अच्छी बात है। क्या सोचा है तुमने?' मां ने उत्सुक होकर पुलकित से पूछा।

'मैं बहुत बड़ा वैज्ञानिक बनूंगा।' पुलकित ने बताया।

'अच्छा तो तुम वैज्ञानिक क्यों बनना चाहते हो?' मां ने जानना चाहा।

'मैं बहुत दिनों से सुन रहा हूं, बड़े लोग बात करते हैं, खेती के लिए जमीन की कमी हो रही है। इस तरह तो अनाज की कमी हो जाएगी। इंसान क्या खाएगा? इसीलिए मैंने सोचा है, मैं वैज्ञानिक बनकर इस समस्या का कोई हल खोजूंगा।' पुलकित थोड़ा गंभीर होकर बोला।

'यह तो बहुत अच्छी बात है। तो तुम खूब मन लगाकर पढ़ाई करो। तभी वैज्ञानिक बनकर तुम अपने सपने को पूरा कर सकोगे।' मां पुलकित के सिर पर प्यार से हाथ फेरते हुए बोलीं।

पुलकित कुछ आश्चर्य से बोला, ' लेकिन मम्मी आप मेरी बात पर हंसी नहीं? जब मैंने अपने दोस्तों को यह बात बताई तो सबने मेरा खूब मजाक उड़ाया। स्कूल में बहुत से बच्चे मुझे देखते ही कहने लगते हैं-आ गए वैज्ञानिक महाशय।'

'यह तो सफलता का पहला लक्षण है। तुम जरूर एक दिन बहुत बड़े वैज्ञानिक बनोगे।' मां ने बेटे का हौसला बढ़ाया।

'वो कैसे..?' पुलकित ने आश्चर्य से मम्मी से पूछा।

'जानते हो बेटा, हमारे जितने भी महान वैज्ञानिक हुए हैं, वे सब आम लोगों से हटकर सोचते थे। क्योंकि वे समय से आगे की सोचते थे। इसलिए लोगों को लगता कि वो जो कह रहे हैं, वह एक पागलपन है। लेकिन आगे जाकर उनका यही पागलपन यानी लक्ष्य पाने का जुनून किसी बड़े आविष्कार का कारण बना। आज लोग तुम पर हंस रहे हैं, क्योंकि वह तुम्हारी बात नहीं समझ पा रहे हैं। बेटा, लोगों का मजाक उड़ाना भूलकर तुम्हें बस अपने ऊपर विश्वास करके खूब मेहनत और गंभीरता से पढ़ाई करनी चाहिए। अपने लक्ष्य के प्रति कटिबद्ध रहना है। देखना एक दिन तुम जरूर सफल होगे।'

मां की बात सुनकर नन्हे पुलकित के चेहरे पर विश्वास की आभा तैर उठी। उसने मन ही मन संकल्प लिया वह वैज्ञानिक बनकर कोई ऐसी खोज जरूर करेगा, जिससे देश में इतना ज्यादा अनाज पैदा हो कि लोगों के लिए इसकी कमी ना हो। *

---

तुम्हारे लिए नई किताब / विज्ञान भूषण

# प्रेरित करती कहानियां

बच्चो, वरिष्ठ लेखक गोविंद शर्मा कई दशकों से रोचक, प्रेरक बाल कहानियां लिख रहे हैं। उनकी 36 प्यारी-प्यारी कहानियों की किताब 'मेरी पसंद की बाल कहानियां', शकुंतला कालरा के संपादन में छपकर हाल में ही आई है। ये कहानियां मनोरंजक तो हैं ही, साथ ही हर कहानी में तुमको कोई न कोई प्रेरणा या शिक्षा भी जरूर मिलेगी। 'सोने का अंडा' कहानी कहती है कि लालच हमेशा बुरा परिणाम ही देता है। 'जल की रानी' कहानी में तुम पढ़ोगे कि किस तरह एक नन्ही बच्ची, खरगोश को स्विमिंग पूल में डूबने से बचा लेती है। कुछ इसी तरह की कहानी है 'छत पर पूल', जिसमें बच्चे चिड़िया को बचाने के लिए छत पर तालाब जैसा बना देते हैं। 'काचू की टोपी' कहानी हंसते-हंसाते बताती है कि हमें सच्चाई का रास्ता कभी नहीं छोड़ना चाहिए। इसी तरह 'जल कंजूस', 'चुटकी भर मिट्टी' और 'पानी में पैसा' जैसी कहानियां पर्यावरण के प्रति सजग बनाती हैं। बच्चो, सभी कहानियां तुम्हें जरूर अच्छी लगेंगी। *



**किताब**: मेरी पसंद की बाल कहानियां–गोविंद शर्मा, **संपादन**: डॉ. शकुंतला कालरा, **मूल्य**: 250 रुपए, **प्रकाशक**: लिटिल बर्ड पब्लिकेशंस, नई दिल्ली

## हंसगुल्ले

**टीचर**: अगर तुम महान काम करोगे, तो तुम्हारा नाम अमर हो जाएगा।
**रमन**: लेकिन सर, मेरे पुराने नाम का क्या होगा?
-श्रेया, रायपुर

**गप्पू**: मेरी बिल्ली अपना नाम खुद बोल सकती है।
**पप्पू**: अच्छा! क्या नाम है तुम्हारी बिल्ली का?
**गप्पू**: म्याऊं।
-अक्षत, बिलासपुर



**टीचर**: तुम 18वीं सदी के वैज्ञानिकों के बारे में क्या जानते हो?
**रोहित**: सर, यही कि वे अब इस दुनिया में नहीं हैं।
-सारांश, रोहतक

## जीके क्विज-202

1. आईसीसी महिला टी-20 विश्व कप 2026 का आयोजन कहां किया जाएगा?
2. मार्च 2026 के लिए आईसीसी पुरुष 'प्लेयर ऑफ द मंथ' का खिताब किसने जीता है?
3. हरियाणा के वर्तमान राज्यपाल कौन हैं?
4. बोहाग बिहू किस राज्य का प्रसिद्ध उत्सव है?
5. वायुमंडल की कौन-सी परत सूर्य से निकलने वाली पराबैंगनी किरणों से हमारी रक्षा करती है?
6. किस शासक ने ग्रैंड ट्रंक रोड का निर्माण कराया था?
7. स्वतंत्र भारत के पहले गृह मंत्री कौन थे?
8. दालों में सेहत के लिए लाभदायक कौन-सा तत्व प्रचुर मात्रा में पाया जाता है?
9. राज्यसभा का पदेन अध्यक्ष कौन होता है?
10. एनीमिया नामक रोग शरीर में किस तत्व की कमी से होता है?



बच्चो, जीके क्विज-202 का उत्तर बालभूमि के अगले अंक में प्रकाशित किया जाएगा। सही जवाब देने वाले बच्चों के नाम भी प्रकाशित किए जाएंगे। तुम अपने जवाब हमें balbhoomihb@gmail.com पर मेल कर सकते हो।

**जीके क्विज-201 का उत्तर** : 1. दिव्या सिंह, 2. सम्राट चौधरी, 3. ताइक्वांडो, 4. भुवनेश्वर कुमार, 5. 1 मई, 6. कृष्णदेव राय, 7. बैकाल, 8. 12 सदस्य, 9. सिस्मोग्राफ, 10. कावेरी


**जीके क्विज-201 का सही उत्तर देने वाले** : गुंजा-रायपुर, शुभम-बलौदा बाजार, कबीर-हिसार, ऊर्जस्वी-सारंगढ़ बिलाईगढ़, आनंद-सीतापुर, सौम्या-रायगढ़, स्वप्निल-जांजगीर, हेमंत-बिलासपुर, तरुण-रोहतक, कविता-महासमुंद

---

कहानी
इंदिरा त्रिवेदी

रिनी, वार्डरोब में अपने कपड़े बड़े ही बेतरतीब ढंग से रखती थी। उसकी इसी लापरवाही पर एक दिन उसके कपड़े, आपस में बात करके अपनी नाराजगी, गुस्सा प्रकट करने लगे। उन्हें इस बात की तकलीफ थी कि वे रिनी से कुछ बोल नहीं सकते। फिर भी क्या रिनी की आदत में कोई सुधार हुआ?

# काश! हम कुछ कह पाते



एआई इमेज

'लो और कपड़े आ गए वार्डरोब के अंदर! वैसे ही वार्डरोब ठसाठस भरी हुई थी।' कहते हुए रिनी की वार्डरोब में रखी शॉर्ट कुर्ती ने मुंह बनाया। यह देख नया टॉप पहले थोड़ा सकुचाया फिर बोला, 'क्या हुआ बहन, क्या कहना चाह रही हो?'

'कुछ नहीं, तुम नए-नए हो इसलिए कुछ नहीं जानते। कुछ समय बाद तुम्हें अपने आप ही पता चल जाएगा।' शॉर्ट कुर्ती रुक-रुक कर बोली। 'क्या बात है बहन, कुछ तो बताओगी या ऐसे ही पहेलियां बुझाती रहोगी!' नए टॉप ने बात जाननी चाही।

'क्या बताऊं भाई, दरअसल रिनी बहुत लापरवाह लड़की है। कोई भी कपड़ा कहीं भी पटक देती है। कपड़े यहां-वहां पटक देना इसने अपनी आदत ही बना ली है। आज मैं जरूर वार्डरोब में धुली और प्रेस की हुई करीने से रखी हूं, लेकिन पिछले चार दिनों से दरवाजे के पीछे पड़ी धूल खा रही थी। रिनी को जब मम्मी की जोरदार डांट पड़ी, तब उसने मुझे धुलने को दिया और प्रेस होने के बाद मैं आज चैन की सांस ले रही हूं। तुम अभी नए नए हो। धीरे-धीरे सब कुछ जान जाओगे।' शॉर्ट कुर्ती ने अपनी परेशानी बताई। यह सुनकर टॉप सोच में पड़ गया, लेकिन रिनी और घर के अन्य सदस्यों के बारे में जानने की उसकी जिज्ञासा बढ़ गई, बोला, 'अच्छा बहन, रिनी और घर के अन्य सदस्यों के बारे में थोड़ा और बताओ।'

शॉर्ट कुर्ती बोली, 'घर के सदस्यों के बारे में क्या बताऊं भाई। और लोग तो जितने व्यवस्थित हैं, उतनी ही रिनी लापरवाह है। उसकी एक दीदी है, बेचारी अकसर मशीन लगा-लगाकर कपड़े धोती रहती है। मम्मी भी धुले हुए कपड़ों को तह करके जब देखो तब रखती रहती हैं, लेकिन अपने कपड़ों को तो रिनी को खुद ही संभालना चाहिए न। क्यों सही कहा न मैंने?' 'हां, हां बिल्कुल, अपना काम तो स्वयं ही करना चाहिए। और वैसे भी इतनी छोटी थोड़ी है वो जो अपना काम न कर सके।' टॉप बोला।

'वही तो मैं भी कह रही हूं, नाइंथ क्लास में वह आ गई है, कुछ तो अक्ल आ जानी चाहिए न!' कुर्ती भुनभुनाई। 'हूं..!' टॉप ने हां में हां मिलाई। उसके साथ ही वार्डरोब में रखे अन्य कपड़ों ने भी सिर हिलाकर अपनी-अपनी सहमति दी। शॉर्ट कुर्ती ने देखा कि सभी कपड़े उसकी बात को ध्यान से सुन रहे हैं। यह देखकर वह और जोश में आ गई। सबका ध्यान अपनी ओर आकर्षित करते हुए बोली, 'एक बार की बात बताऊं?'


'हां-हां बताओ-बताओ..।' सभी कपड़े एक स्वर में बोले। कुर्ती ने जोश में बताना शुरू किया, 'करीब दो महीने पहले की बात है, रिनी अपने चाचाजी के घर गई थी। चाचाजी की एक बेटी रिनी की हमउम्र है। उस दिन रिनी ने मुझे ही पहना हुआ था। मैंने देखा रिनी के चाचाजी का घर बहुत बड़ा, साफ-सुथरा था। घर की हर चीज करीने से सजी हुई थी। रिनी के चाचाजी की बेटी का नाम सोना है। उसका एक अलग कमरा था। कमरे में उसकी दो अलमारियां थीं। एक किताबों की और दूसरी कपड़ों की। जब रिनी सोना के कमरे में गई तो उसने अपना कमरा दिखाया, साथ में अपनी अलमारियां भी रिनी को दिखाईं। दोनों अलमारियां बहुत अच्छी साफ-सुथरी और व्यवस्थित थीं। कपड़ों की अलमारी में घर के कपड़ों का अलग रैक था। स्कूल के कपड़े, टाई, बेल्ट, मोजे, बैज हर चीज अपनी जगह पर रखी हुई थी। शू-रैक में शूज और चप्पलें करीने से जमे हुए थे। यह सब देखकर मेरी तो आंखें फटी की फटी रह गईं, लेकिन रिनी पर उसका कोई असर नहीं पड़ा। हैरानी की बात तो यह है कि सोना स्वयं अपनी दोनों अलमारी को जमाती है, उसे साफ-सुथरा रखती है।' कुर्ती ने यह भी बताया, 'वैसे यहां मम्मी और दीदी भी अपनी चीजों को अच्छी तरह रखते हैं, लेकिन रिनी ही लापरवाह है। ऐसे में हम कपड़ों की उम्र भी कम हो जाती है।'

तभी एक लाल रंग की फ्रॉक चहकते हुए बोली, 'छोटा मुंह और बड़ी बात, एक बात कहना चाहूंगी कि कपड़े इंसान की शोभा बढ़ाते हैं, यह बात सच है कि नहीं।' अन्य कपड़ों ने भी उसकी बात से सहमति प्रकट की, 'बिल्कुल सही कहा लाल फ्रॉक तुमने।' नए टॉप ने भी कपड़ों का महत्व माना, वह बोला, 'अगर व्यक्ति साफ-सुथरे और प्रेस किए कपड़े पहनता है तो उसका व्यक्तित्व कुछ खास नजर आता है। और तो और, अच्छे और साफ-सुथरे कपड़े पहनने से मनुष्य का आत्मविश्वास भी बढ़ता है।' 'लेकिन इन्हें कैसे समझाएं? काश! हम कुछ कह पाते।' सभी कपड़े एक साथ बोल पड़े। यह चर्चा चल ही रही थी कि कमरे का दरवाजा खुला और रिनी के साथ मम्मी और दीदी भी आ गए। रिनी ने अपनी वार्डरोब जैसे ही खोली, धड़धड़ाते हुए कपड़े जमीन पर गिर पड़े। उसने पलटकर देखा तो मम्मी और दीदी उसे गुस्से में देख रही थीं। रिनी बहुत शर्मिंदा हुई। उसने मन ही मन संकल्प कर लिया कि वह भी अपनी अलमारी को सोना की तरह जमाकर अच्छी तरह रखेगी।

उस दिन के बाद से रिनी सुधर गई और अपने कपड़े ही नहीं, अपनी हर चीज को जगह पर और संभालकर रखने लगी। रिनी की इस बदली आदत से सारे कपड़े खुशी से फूले नहीं समा रहे थे। दीदी और मम्मी-पापा भी रिनी की तारीफ करते नहीं थक रहे थे। *

---

कविता
राजेंद्र श्रीवास्तव



एआई इमेज

## मच्छर जब आते हैं

रोहन बोला दादा जी से
मच्छर जब आते हैं।
आसपास कानों के आकर
भन-भन-भन्नाते हैं।
जब भी आते खून चूसकर
चुपके से उड़ जाते।
डेंग्यू और मलेरिया ज्वर
ये मच्छर फैलाते।
दादू बोले दोष न इनका
यह है भूल हमारी।
कचरा नमी गंदगी देखो
फैली कितनी सारी।
साफ स्वच्छ जब आसपास का
वातावरण बनेगा।
दूर-दूर तक कोई मच्छर
तो फिर नहीं दिखेगा।

---

## रंग भरो-200

**रंग भरो-200** में दिए गए चित्र को तुम लोगों ने बहुत अच्छे से रंगकर हमें भेजा। उनमें से चुना गया सबसे अच्छा चित्र हम यहां प्रकाशित कर रहे हैं। उसे रंगकर भेजने वाले बच्चे के चित्र के साथ कुछ अन्य बच्चों के नाम और चित्र भी प्रकाशित कर रहे हैं।





आन्या, दुर्ग



अमोल, बेमेतरा



तोयशराज, रायपुर



आशना, जांजगीर



माही, महासमुंद



आर्यन, बिलासपुर

### इनके भी चित्र रहे प्रशंसनीय

रियांशी-बहादुरगढ़, विशिका-बिलासपुर, झरना-धमतरी, डॉली-मटियारी, किंजल-जबलपुर, सुमित-महासमुंद, यश-रायगढ़, खुशी-भिवानी, दिव्या-जांजगीर, कविता-रायपुर, हितेश-दिल्ली, राकेश-हिसार, अंकित-गुना, सुयश-करनाल, रिंकी-बालोद

## रंग भरो 201



बच्चो, इस ब्लैक एंड व्हाइट चित्र में पिंकी ड्रॉइंग बना रही है। इस चित्र को मनचाहे रंगों से रंग कर हमें भेजो। जिस बच्चे का चित्र सर्वश्रेष्ठ होगा, उसे हम बालभूमि में प्रकाशित करेंगे। चित्र के साथ अपनी फोटो, अपना और शहर का नाम हमें इस पते पर भेजो: संपादक-फीचर, हरिभूमि कार्यालय, 129, ट्रांसपोर्ट सेंटर, पंजाबी बाग, पश्चिमी दिल्ली, नई दिल्ली-110035 या ई-मेल आईडी balbhoomihb@gmail.com पर मेल करो।

## खबर संक्षेप

### एचसी विनय को एएसआई बनने पर लगाए स्टार

**हिसार।** एसपी सिद्धांत जैन ने मुख्य सिपाही विनय कुमार को मुख्य सिपाही से सहायक उप निरीक्षक बनने पर उसके कंधों पर स्टार लगाए। उन्होंने विनय को उज्वल भविष्य की शुभकामनाएं दी। एडीजीपी हिसार के आदेश के तहत विनय के मुख्य सिपाही से सहायक उप निरीक्षक के पद पर पदोन्नति के आदेश जारी हुए थे। इस अवसर पर सुरक्षा प्रभारी अमरजीत, उप निरीक्षक सतबीर सिंह, प्रवाचक बलवंत सिंह, आशुलिपिक प्रमोद, उप निरीक्षक सतबीर सिंह, उप निरीक्षक हरीश कुमार, प्रभारी साइबर सेल अमित, फोटोग्राफर रविन्द्र, उप निरीक्षक सुमन आदि थे।

### घर में घुसकर हमला करने का आरोपी काबू

**हिसार।** अग्रोहा पुलिस ने घर में घुसकर तेजधार हथियार से हमला करने के मामले में आरोपी को गिरफ्तार कर लिया है। आरोपी की पहचान प्रोफेसर कालोनी हिसार निवासी योगेश उर्फ मटरी के रुप में हुई है। अग्रोहा थाना प्रभारी पीएसआई प्रवेश ने बताया कि इस संबंध में गत 3 मार्च को नंगथला निवासी महिला के बयान पर केस दर्ज किया गया था। जांच के दौरान आरोपी योगेश उर्फ मटरी को गिरफ्तार किया गया है।

### 6.84 ग्राम हेरोइन सहित एक को किया गिरफ्तार

**हिसार।** पुलिस के एएनसी स्टाफ ने डाबड़ा चौक से एक युवक को 6.84 ग्राम हेरोइन सहित गिरफ्तार किया है। आरोपी की पहचान मंगाली सुरतिया निवासी अजीत उर्फ घोलू के रूप में हुई है। एएनसी प्रभारी उप निरीक्षक इन्द्र सिंह ने बताया कि एएसआई उपेन्द्र सिंह अपनी पुलिस पार्टी के साथ जिंदल चौक के पास गश्त पर था। इसी दौरान सूचना के आधार पर अर्बन एस्टेट-II रोड कैंची के पास रोड पर पेड़ के नीचे एक युवक को काबू किया। पूछताछ में उसने अपना नाम मंगाली सुरतिया निवासी अजीत उर्फ घोलू बताया। तलाशी में उसके कब्जे से हेरोइन चिट्टा बरामद हुई।

### पांच लापता व्यक्तियों को ढूंढकर परिवार को सौंपा

**हांसी।** ऑपरेशन मुस्कान के तहत हांसी पुलिस ने 5 गुमशुदा व्यक्तियों को ढूंढ कर परिवार से मिलाया। पुलिस प्रवक्ता ने बताया कि पुलिस की विभिन्न टीमों द्वारा जिले के अलग-अलग क्षेत्रों में व्यापक स्तर पर तलाश अभियान चलाया गया। पुलिस टीमों ने मुस्तैदी एवं समर्पण के साथ कार्य करते हुए गुमशुदा व्यक्तियों की खोजबीन की और आधुनिक तकनीकों के साथ-साथ पारंपरिक सूचना तंत्र का उपयोग कर पुलिस ने 5 गुमशुदा व्यक्तियों को खोजकर सकुशल उनके परिजनों के सुपुर्द किया गया। गुमशुदा व्यक्तियों को सुरक्षित वापस पाकर परिवारजनों के चेहरों पर मुस्कान लौट आई।

### एनआईआरसी हिसार का क्रिकेट टूर्नामेंट आज से

**हिसार।** चार्टर्ड अकाउंटेंट की संस्था एनआईआरसी हिसार ब्रांच के तत्वावधान में बोर्ड ऑफ स्टडीज (ऑपरेशन) द्वारा तीन दिवसीय क्रिकेट टूर्नामेंट का आयोजन किया जाएगा। एनआईआरसी हिसार ब्रांच के चेयरमैन सीए अजय गोयल ने बताया कि जिंदल चौक स्थित बॉक्स क्रिकेट ग्राउंड में 24 व 25 अप्रैल को लीग मैच होंगे और 26 अप्रैल को सेमीफाइनल व फाइनल मैच खेला जाएगा। सभी मैच का समय सायं 5 बजे से रात्रि 9 बजे तक रहेगा। क्रिकेट टूर्नामेंट से नई ऊर्जा व एकजुटता का संचार होगा।

### स्वच्छता नियम तोड़ने पर काटे 11 के चालान

**हिसार।** शहर को साफ-सुथरा बनाए रखने के लिए नगर निगम लगातार सख्त कदम उठा रहा है। स्वच्छता नियमों का उल्लंघन करने वालों के खिलाफ नियमित कार्रवाई की जा रही है। इसी कड़ी में एएसआई विजेता ने रामपुरा मोहल्ला में पांच घरों व एक पीजी के द्वारा कचरा सेग्रीगेशन न करके नगर निगम के वाहन में डालने पर उनके चालान किए। एसआई कपिल, एएसआई प्रवीण ने कैंप चौक पर तीन दुकानदारों के कचरा सेग्रीगेशन करके न देने पर चालान किए। इसके साथ एएसआई सन्नी ने मॉडल में दो दुकानदारों के कचरा सेग्रीगेशन करके न देने पर चालान किए।

---

### छात्राओं ने प्राइवेट बस परिचालक पर लगाया बदतमीजी का आरोप

# प्राइवेट बसों में बस पास लागू नहीं करने पर एसडीएम को सौंपा ज्ञापन

हरिभूमि न्यूज ⏭ नारनौंद



नारनौंद। एसडीएम विकास यादव को ज्ञापन सौंपती हुई कॉलेज की छात्राएं। *फोटो : हरिभूमि*

- खेड़ी चोपटा स्थित नर्सिंग कॉलेज की छात्राओं ने नारनौंद एसडीएम कार्यालय में पहुंचकर दी शिकायत

नारनौद से उचाना सड़क मार्ग पर प्राइवेट बस संचालकों द्वारा बस पास मान्य नहीं किए जाने को लेकर गुरुवार को खेड़ी चोपटा स्थित नर्सिंग कॉलेज की छात्राएं व अन्य कॉलेजों के छात्र नारनौद एसडीएम कार्यालय में पहुंचे और उन्होंने प्राइवेट बस संचालकों के खिलाफ शिकायत दर्ज करवाई है और एसडीएम को ज्ञापन भी सौंपा। विद्यार्थियों ने प्राइवेट बस परिचार पर बदतमीजी करने का आरोप भी लगाया। इस पर एसडीएम विकास यादव ने तुरंत कार्रवाई करते हुए उच्च अधिकारियों को प्राइवेट बस संचालकों के खिलाफ कड़ी कार्रवाई करने के आदेश दे दिए हैं।

इससे पूर्व छात्र विनोद कुमार ने कहा कि हम कॉलेज में पढ़ने के लिए आते हैं। हमारे बस पास भी बने हुए हैं लेकिन प्राइवेट बस संचालक अपनी निजी बसों में वह पास मान्य नहीं कर रहे। बसों के ड्राइवर व कंडक्टर हमारे साथ बुरा व्यवहार करके हमें बस से नीचे उतार देते हैं। हमें काफी परेशानी का सामना करना पड़ता है।

सरकार ने भी आदेश दिए हैं कि छात्रों के बस पास प्राइवेट व सरकारी दोनों तरह की बसों में मान्य है लेकिन प्राइवेट बस संचालक मनमानी करते हैं और हमारे बस पास मान्य नहीं करते। छात्राएं सिमरन, रेखा, रितु, संजना, दीक्षा, मोनिका, रेनू,अन्नू, मुस्कान, स्नेहा, मंजू आदि ने बताया कि सरकार बेटियों को पढ़ाने का नारा दे रही है। वहीं दूसरी तरफ बेटियों को पढ़ाई के लिए कॉलेज में आने के लिए बसों में संघर्ष करना पड़ रहा है। हर रोज हमें जलील किया जा रहा है। हमारे बस पास बने हुए हैं लेकिन प्राइवेट बस संचालकों द्वारा वह मान्य नहीं किए जा रहे। हमारे रूट पर प्राइवेट बसें ही चलती हैं और बस के कंडक्टर हमारे साथ बदतमीजी भी करते हैं। नारनौद पुलिस को लिखित में शिकायत भी दी जा चुकी हैं लेकिन आज तक कोई भी कार्रवाई नहीं की गई।

#### परमिट कैंसिल करने की सिफारिशें करेंगे : आरटीए

आरटीए हरविंदर सिंह ने बताया कि छात्रों की समस्या को लेकर एसडीएम ने पत्र दिया है। इस रूट पर चलने वाली बसों का परमिट जींद आरटीए ने जारी किया है। पूरी रिपोर्ट तैयार करके परमिट कैंसिल करने की सिफारिश की जाएगी। बस संचालकों को हरियाणा सरकार के आदेशों को पालना करनी चाहिए।

#### कड़ी कार्रवाई करने के निर्देश दिए

एसडीएम विकास यादव ने बताया कि बसों की समस्या को लेकर छात्राओं ने ज्ञापन दिया है। इस मामले में तुरंत संज्ञान लेते हुए हरियाणा रोडवेज के अधिकारियों और आरटीए को बुलाकर सख्त आदेश दिए गए हैं कि निजी बस संचालकों के खिलाफ कड़ी कार्रवाई की जाए। पुलिस को भी आदेश दिए गए हैं कि पूरे मामले की जांच करके जो भी दोषी है उनके खिलाफ मामला दर्ज किया जाए। छात्रों की जो भी समस्याएं हैं सभी का समाधान जल्द ही कर दिया जाएगा।

---

# निकिता होंगी भाजपा की नपा चेयरपर्सन उम्मीदवार

उकलाना मंडी। भारतीय जनता पार्टी ने 10 मई को होने वाले उकलाना नगरपालिका चेयरपर्सन चुनाव के लिए निकिता गोयल को अपना उम्मीदवार घोषित किया है। निकिता गोयल पूर्व चेयरमैन एवं वरिष्ठ नेता श्रीनिवास गोयल की पुत्रवधू हैं। नामांकन प्रक्रिया 25 अप्रैल तक चलेगी।



जानकारी के अनुसार, इस बार भाजपा ने मजबूत और प्रभावशाली चेहरे को मैदान में उतारने की रणनीति अपनाई है। हरियाणा वेयरहाउसिंग कॉर्पोरेशन के पूर्व अध्यक्ष श्रीनिवास गोयल के परिवार से जुड़ी निकिता गोयल का नाम पहले से ही संभावित प्रत्याशी के रूप में चर्चा में था, जिस पर अब मुहर लगा दी गई है। निकाय चुनाव को लेकर भाजपा संगठन भी पूरी तरह सक्रिय नजर आ रहा है। हरियाणा सरकार के कैबिनेट मंत्री कृष्ण बेदी को चुनाव प्रभारी नियुक्त किया गया है, जबकि सुरेंद्र को सह-प्रभारी बनाया गया है। दोनों नेता लगातार कार्यकर्ताओं और पदाधिकारियों के साथ बैठकों के माध्यम से चुनावी रणनीति को अंतिम रूप देने में जुटे हैं।

इसके अलावा भाजपा ने उकलाना की पुरानी अनाज मंडी में अपना चुनाव कार्यालय स्थापित कर लिया है, जहां से चुनाव संचालन किया जा रहा है। कार्यालय खुलने के साथ ही कार्यकर्ताओं में खासा उत्साह देखा जा रहा है। गौरतलब है कि उकलाना नगर पालिका में चेयरपर्सन पद महिला के लिए आरक्षित है और कुल 16 वार्डों में पार्षदों के चुनाव भी इसी दिन कराए जाएंगे।

### पार्षद पद के लिए 11 व अध्यक्ष पद पर एक पर्चा

**उकलाना।** नगर पालिका उकलाना में अध्यक्ष एवं पार्षद पद के लिए चल रही नामांकन प्रक्रिया के तीसरे दिन गतिविधियां तेज हो गईं। गुरुवार को अध्यक्ष पद के लिए एक तथा पार्षद पद के लिए 11 प्रत्याशियों ने अपने नामांकन पत्र दाखिल किए। जानकारी के अनुसार अध्यक्ष पद के लिए रीमा सोनी ने नामांकन पत्र दाखिल किया। वहीं पार्षद पद के लिए विभिन्न वार्डों से कुल 11 प्रत्याशियों ने अपने आवेदन जमा करवाए। वार्ड नंबर 3 से सरोज बाला, वार्ड नंबर 4 से सीमा गोयल, वार्ड नंबर 5 से राजीव मित्तल, विकास जैन, विक्रम बोलान व सुमित भ्याणा, वार्ड नंबर 6 से अमित गोयल, वार्ड नंबर 7 से अभे राम मंगला, वार्ड नंबर 13 से नंद लाल व रोहित तथा वार्ड नंबर 14 से सविता ने पार्षद पद के लिए नामांकन पत्र दाखिल किए। पार्षद पद के लिए नामांकन पत्र रविंद्र शर्मा, तहसीलदार तथा खंड विकास एवं पंचायत अधिकारी, उकलाना द्वारा प्राप्त किए गए, जबकि अध्यक्ष पद के लिए नामांकन उपमंडल अधिकारी एवं चुनाव अधिकारी अश्विन द्वारा लिए गए। नामांकन प्रक्रिया के लिए अब 24 व 25 अप्रैल अंतिम तिथि निर्धारित है। प्रशासन का अनुमान है कि अंतिम दिनों में नामांकन दाखिल करने वालों की संख्या में तेजी से बढ़ोतरी होगी और नामांकन केंद्रों पर भीड़ बढ़ सकती है। उकलाना नगरपालिका चुनाव को निष्पक्ष एवं शांतिपूर्वक ढंग से संपन्न करवाने के लिए अतिरिक्त उपायुक्त उत्सव आनंद को चुनाव पर्यवेक्षक (सामान्य) नियुक्त किया गया है। नगरपालिका चुनाव के संदर्भ में कोई भी व्यक्ति उनसे संपर्क कर सकता है। वे उकलाना मार्केट कमेटी कार्यालय के विश्राम गृह में उपलब्ध रहेंगे।

### 'नशा मुक्त अभियान और बुजुर्गों का सम्मान' शुरू

**हिसार।** प्रजापिता ब्रह्माकुमारीज में 'नशा मुक्त अभियान और बुजुर्गों का सम्मान, यही है मेरे स्वर्णिम भारत की पहचान' अभियान का शुभारंभ बड़े उत्साह के साथ किया गया। इस अभियान के अंतर्गत समाज के प्रत्येक व्यक्ति को नशा-मुक्त जीवन जीने तथा बुजुर्गों के सम्मान के लिए प्रेरित करते हुए प्रतिज्ञा दिलाई जाएगी। इस सेवा कार्य में ब्रह्माकुमारीज से जुड़े भाई-बहन घर-घर जाकर लोगों को जागरूक करेंगे और उनसे एक संकल्प-पत्र (फॉर्म) भी भरवाया जाएगा, जिसकी जानकारी भारत सरकार तक पहुंचाई जाएगी। यह अभियान ब्रह्माकुमारीज मेडिकल विंग के 'नशा मुक्त भारत' अभियान तथा ब्रह्माकुमारीज सोशल सर्विस विंग के 'संगम : गौरवशाली वृद्धावस्था और सम्मान का जीवन' कार्यक्रम के अंतर्गत भारत सरकार के साथ हुए एमओयू के सहयोग से संचालित किया जा रहा है। कार्यक्रम में 500 से अधिक भाई-बहनों ने स्वयं नशा-मुक्त जीवन और बुजुर्गों के सम्मान की प्रतिज्ञा ली।

---

# विकास कार्यों के टेंडर की अदायगी न होने का आरोप

- एडीसी ने संबधित अधिकारियों को दिए समाधान के निर्देश
- एडीसी ने समाधान शिविर में सुनी जनसमस्याएं

हरिभूमि न्यूज ⏭ हिसार

लघु सचिवालय स्थित जिला सभागार में गुरुवार को अतिरिक्त उपायुक्त उत्सव आनंद ने आमजन की समस्याएं सुनी गईं और उनके त्वरित समाधान के लिए आवश्यक दिशा-निर्देश दिए गए। इस अवसर पर मेगा लीगल सर्विस कैंप के तहत जिला विधिक सेवा प्राधिकरण के सचिव एवं सीजेएम अशोक कुमार ने नागरिकों को मुफ्त कानूनी सेवाओं की जानकारी भी दी। समाधान शिविर में गांव सलेमगढ़ निवासी अजय कुमार द्वारा विकास कार्यों के टेंडर की अदायगी न होने संबंधी शिकायत पर अतिरिक्त उपायुक्त उत्सव आनंद ने संबंधित अधिकारियों को प्रार्थी के समक्ष आ रही समस्या का उचित समाधान करने की हिदायत दी। इस अवसर पर नगराधीश सुभाष चंद्र, जिला विकास एवं पंचायत अधिकारी नरेंद्र सिंह, जिला परिषद डिप्टी सीईओ कीर्ति सिरोहीवाल, एएमसी प्रदीप कुमार सहित संबंधित विभागों के अधिकारी एवं कर्मचारी उपस्थित रहे।

#### एडीसी ने जांच करके कार्रवाई के लिए कहा

गांव आर्य नगर निवासी सुरेंद्र सिंह द्वारा बिजली बिल गलत देने तथा जेई व लाइनमैन द्वारा परेशान करने संबंधी शिकायत पर एडीसी ने बिजली निगम के अधिकारियों को मामले की जांच कर विभागीय कार्यवाही करने को कहा। गांव मात्रश्याम निवासी ओम प्रकाश द्वारा राणा नहर के संबंध में तथा एक अन्य प्रार्थी द्वारा सेक्टर-14 से घोड़ा फार्म, एचएयू, गांव लुदास, शाहपुर व डाबड़ा से मंगाली, हरिकोट, देवां, मुकलान, आर्य नगर, शाहपुर तक घने जंगलों व सीवर की गाद की सफाई की मांग पर अतिरिक्त उपायुक्त ने सिंचाई विभाग के एसई को आगामी कार्रवाई करने के निर्देश दिए।

# साइबर ठगी का आरोपी पकड़ा

- मामले में दूसरा आरोपी गिरफ्तार, 3.50 लाख रुपये रिकवर

हरिभूमि न्यूज ⏭ हांसी

साइबर ठगों के खिलाफ चलाए जा रहे विशेष अभियान के दौरान साइबर थाना पुलिस ने सहारनपुर से एक साइबर ठग को गिरफ्तार कर उसके पास से ठगी किए गए रुपयों में 3.50 लाख रुपये की रिकवरी की है। आरोपी की पहचान दिल्ली की दलीप विहार कालोनी निवासी कशिश गिरधर के रूप में हुई है। मुख्य सिपाही अमित कुमार ने बताया कि हांसी निवासी मंगल ने शिकायत दी थी कि उसके मोबाइल फोन पर 16 फरवरी को उसके मोबाइल नंबर पर एक कॉल आई। कॉल करने वाले व्यक्ति ने स्वयं को जीओ कंपनी का कर्मचारी बताते हुए वीआईपी नंबर देने का झांसा दिया।

उन्होंने बताया कि आरोपी ने वीआईपी नंबर दिलवाने के नाम पर रुपये की मांग की तथा व्हाट्सएप के माध्यम से पोर्टिंग कोड व क्यूआर कोड भेजकर 4,79,670 रुपये की ठगी कर ली।

पुलिस ने शिकायत के आधार पर मामला दर्ज कर जांच आरोपी को सहारनपुर से गिरफ्तार कर कोर्ट में पेश कर चार दिन के पुलिस रिमांड पर लेकर पूछताछ के दौरान आरोपी से 3.50 लाख रुपये दिल्ली से बरामद किए गए। इस मामले में पुलिस एक आरोपी को पहले गिरफ्तार कर 50 हजार रुपये की राशि बरामद कर चुकी है।

### संत निरंकारी मिशन का विशेष सत्संग आज

**हिसार।** संत निरंकारी मिशन के तत्वावधान में 24 अप्रैल शुक्रवार को बाबा गुरबचन सिंह जी की पावन स्मृति में मानव एकता दिवस कार्यक्रम का आयोजन किया जाएगा। मिशन के प्रवक्ता रमेश चुघ ने बताया कि इस पावन अवसर पर सुभाष नगर स्थित संत निरंकारी सत्संग भवन में शाम 7 बजे से लेकर रात्रि 9 बजे तक विशेष सत्संग कार्यक्रम का आयोजन किया जाएगा।

### एससी/एसटी एक्ट के मामले में आरोपी काबू, जेल भेजा

**हिसार।** विशेष अभियान के तहत डीएसपी किशोरी लाल ने एससी/एसटी एक्ट के मामले में आरोपी को गिरफ्तार किया है। आरोपी की पहचान सिवानी बोलान निवासी संदीप के रुप मे हुई है। उसे अदालत में पेश किया गया, जहां से उसे न्यायिक हिरासत में भेज दिया गया। डीएसपी अग्रोहा किशोरी लाल ने बताया कि इस संबंध में गत 4 अप्रैल को सिवानी बोलान निवासी अमित की शिकायत पर केस दर्ज किया गया था। शिकायत के अनुसार 3 अप्रैल को रात्रि वह अपने घर से घूमने के लिए कुलेरी रोड पर जा रहा था। जब वह बस स्टेंड के नजदीक ठेका शराब के पास पहुंचा तो वहां सड़क पर आरोपी संदीप खड़ा था। आरोपी ने उसे देखकर सड़क के पास पड़ी ईंट उठाकर उसकी दाई आंख की तरफ मारी। जब वह अपना बचाव करते हुऐ भागने लगा तो संदीप ने उसका रास्ता रोकने व जातिसूचक गालियां दी। इस पर पुलिस ने मामला दर्ज किया था।

---

**शिविर** | पुलिस विभाग को सौंपी 990 वर्ग जमीन

# सेक्टर 5 में बनेगी नई पुलिस चौकी

हरिभूमि न्यूज ⏭ हांसी

जिला में सुरक्षा व्यवस्था को और मजबूत करने की दिशा में प्रशासन द्वारा एक और ठोस कदम उठाया गया है। इसके लिए सेक्टर 5 में जल्द ही नए पुलिस चौकी भवन का निर्माण किया जाएगा। पुलिस चौकी भवन के लिए 990 वर्ग गज निशानदेही कर पुलिस विभाग को सौंप दी गई है। यह जानकारी एसडीएम राजेश खोथ ने वीरवार को जिला सचिवालय परिसर में आयोजित समाधान शिविर में नागरिकों की समस्याओं एवं शिकायतों को सुनते हुए दी। उन्होंने बताया कि पुलिस चौकी भवन बनाने के लिए 990 वर्ग गज जमीन की निशानदेही कर पुलिस विभाग को सौंप दी गई है। उन्होंने कहा कि पुलिस चौकी बनने से क्षेत्र में सुरक्षा व्यवस्था और मजबूत होगी। वहीं शिविर में गांव कुतुबपुर के नागरिकों ने कहा कि उनके गांव की बिजली लाइन अर्बन सब डिवीजन फीडर से जोड़ दी गई है। जिससे ग्रामीणों को बिजली मिलने में काफी दिक्कत का सामना करना पड़ता है। उन्होंने कहा कि उनके गांव की बिजली लाइन हांसी सब अर्बन डिवीजन फीडर से जोड़ी जाए। एसडीएम राजेश खोथ ने समस्या का समाधान करने के लिए बिजली निगम के अधिकारियों को निर्देश दिए कि वे ग्रामीणों की मांग के अनुरूप उचित कार्यवाही अमल में लाना सुनिश्चित करें।



हांसी। समाधान शिविर में समस्याएं सुनते एसडीएम राजेश खोथ व अन्य।

#### ये भी दिए निर्देश

वहीं सोरखी गांव के एक नागरिक ने गांव के खेल स्टेडियम की चार दिवारी की मरम्मत तथा मिट्टी भरत करवाने की मांग पर एसडीएम ने संबंधित विभाग के अधिकारियों को बरसाती मौसम शुरू होने से पहले दोनों कार्य पूर्ण करवाने के निर्देश दिए। शिविर में नायब तहसीलदार सुरेश कुमार सहित विभिन्न विभागों की अधिकार उपस्थित रहे।

### तेज गर्मी और हीट वेव के दृष्टिगत आमजन आवश्यक सावधानियां बरतें : डीसी

**हांसी।** उपायुक्त राहुल नरवाल ने कहा कि जिले में तेज गर्मी और हीट वेव के दृष्टिगत आमजन इस मौसम में आवश्यक सावधानियां बरतें और गर्मी के प्रकोप से बचने के लिए सुरक्षात्मक उपाय अपनाएं। विशेष रूप से बच्चों, बुजुर्गों और गर्भवती महिलाओं का खास ध्यान रखा जाए, क्योंकि हीट वेव के कारण शरीर पर गंभीर प्रभाव पड़ सकता है और कई बार यह जानलेवा भी साबित हो सकती है। इसलिए समय रहते सतर्क रहना और बचाव के उपाय अपनाना अत्यंत आवश्यक है। डीसी राहुल नरवाल ने कहा कि नागरिक दोपहर के समय अनावश्यक रूप से घर से बाहर न निकलें। अत्यधिक तापमान की स्थिति में भारी श्रम वाले कार्यों से बचें। शरीर में पानी की कमी करने वाले पेय जैसे चाय, कॉफी और कार्बोनेटेड शीतल पेयों का सेवन सीमित करें तथा बासी व अधिक प्रोटीन युक्त भोजन से परहेज करें।

---

## न्यूज डायरी



### कंप्यूटर शिक्षा के प्रति किया जागरूक

**हिसार।** राजकीय कन्या वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय, गंगवा में दो दिवसीय निःशुल्क कंप्यूटर सेमिनार का किया गया। इस सेमिनार का उद्देश्य छात्राओं को कंप्यूटर शिक्षा के प्रति जागरूक करना तथा उन्हें डिजिटल ज्ञान से सशक्त बनाना था। यह कार्यक्रम महर्षि दयानंद एजुकेशन एंड स्किल डेवलपमेंट, मेन गली आजाद नगर द्वारा आयोजित किया गया। कैंप के दौरान छात्राओं को कंप्यूटर के बेसिक ज्ञान, डिजिटल स्किल्स, ऑनलाइन कार्यप्रणाली तथा आधुनिक तकनीक से संबंधित महत्वपूर्ण जानकारी प्रैक्टिकल के माध्यम से दी गई। कार्यक्रम का संचालन संस्थान के निदेशक अमन सोनी के मार्गदर्शन में किया गया, जबकि कैंप का आयोजन पायल सोनी द्वारा सफलतापूर्वक संभाला गया। इस दौरान संस्थान के अन्य सदस्य जैसे दीक्षा, सीमा सहित पूरी टीम का भी विशेष सहयोग रहा। छात्राओं ने बड़े उत्साह के साथ भाग लिया और कंप्यूटर से जुड़ी नई-नई जानकारी प्राप्त की। विद्यालय की प्राचार्य एवं समस्त स्टाफ ने इस पहल की सराहना की।



### बिजली मंत्री के आवास पर प्रदर्शन को लेकर बैठक

**हांसी।** कच्चे कर्मचारियों को उच्च न्यायालय के आदेश व पुरानी नीतियों के तहत पक्का करवाने तथा अन्य मांगों को 20 मई को किए जाने वाले बिजली मंत्री के आवास पर प्रदर्शन को लेकर गुरुवार को सब अर्बन कार्यालय में यूनिट कार्यकारिणी मीटिंग आयोजित हुई। मीटिंग की अध्यक्षता यूनियन के यूनिट प्रधान सुरेंद्र हुड्डा ने की व संचालन सचिव जोनी कुमार ने किया। इस अवसर पर ऑल हरियाणा पावर कारपोरेशन वर्कर यूनियन के राज्य कोषाध्यक्ष सुरेंद्र यादव व राज्य उपाध्यक्ष सूबे सिंह कादियान, राज्य सचिव दलीप सोनी ने कहा कि कच्चे कर्मचारियों को पक्का करवाने व अन्य मांगों के समाधान को लेकर बिजली कर्मचारी काफी लम्बे समय से संघर्षरत है। प्रदेश सरकार व निगम मैनेजमेंट को बार बार पत्र लिख चुके हैं लेकिन सरकार की ओर से ना ही वार्ता द्वारा समाधान किया गया।



### शोभा यात्रा के साथ रामानुज स्वामी उत्सव संपन्न

**हिसार।** अध्यात्म व सामाजिक सरोकारों के पोषक तिरुपति बालाजी धाम में दस दिवसीय रामानुज स्वामी उत्सव पूरे उत्साह व धूमधाम से संपन्न हुआ। उत्सव के अंतिम दिन पूरे विधि विधान व मंत्रोच्चारण के साथ रामानुज स्वामी की पूजा, आराधना व महाभिषेक किया गया और सवारी शोभा यात्रा निकाली गई। इस उत्सव में हिसार व आसपास के क्षेत्रों से काफी संख्या में श्रद्धालुओं ने हिस्सा लिया। श्रद्धालुओं ने रामानुज स्वामी की पालकी को कंधों पर उठाकर धाम की परिक्रमा की और पूरा धाम परिसर जय श्रीमन्ननारायण, जय भगवान वेंकटेश एवं जय रामानुज स्वामी के उदघोष से गुंजायमान हो उठा। तिरुपति धाम में अन्य मंदिरों के साथ रामानुज स्वामी का भव्य मंदिर स्थापित किया गया है।



### गुजवि व श्री कृष्णा ग्राफिक्स नोएडा के बीच एमओयू

**हिसार।** गुरु जम्भेश्वर विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी विश्वविद्यालय एवं श्री कृष्णा ग्राफिक्स प्राइवेट लिमिटेड, नोएडा (उत्तर प्रदेश) के बीच एक विस्तृत, बहुआयामी एवं उद्योग-शिक्षा समन्वय को नई दिशा देने वाला समझौता ज्ञापन (एमओयू) हुआ है। यह समझौता तकनीकी शिक्षा को व्यावहारिक अनुभव से जोड़ने, विद्यार्थियों को उद्योग के अनुरूप दक्ष बनाने तथा रोजगार के बेहतर अवसर उपलब्ध कराने की दिशा में एक महत्वपूर्ण पहल है। इस एमओयू पर विश्वविद्यालय की ओर से कुलपति प्रो. नरसी राम बिश्नोई ने तथा श्री कृष्णा ग्राफिक्स प्राइवेट लिमिटेड की ओर से अधिकृत प्रतिनिधि अनुपम गुप्ता ने हस्ताक्षर किए। इस अवसर पर विश्वविद्यालय के कुलसचिव डा. विजय कुमार, डीन इंटरनेशनल अफेयर्स प्रो. ओम प्रकाश सांगवान, उप निदेशक डॉ. प्रियंका सिंगला, प्रिंटिंग टेक्नोलॉजी विभाग की अध्यक्ष डॉ. वंदना तथा विभाग के इंडस्ट्री रिलेशंस समन्वयक डॉ. बिजेन्द्र कौशिक सहित अन्य संकाय सदस्य एवं अधिकारीगण भी उपस्थित रहे।



### गोसेवा हमारी संस्कृति और परंपरा का अभिन्न हिस्सा

**हांसी।** विधायक विनोद भयाना ने गुरुवार को अपने आवास पर आयोजित एक कार्यक्रम में क्षेत्र की चार गोशालाओं के प्रतिनिधियों को 42.34 लाख रुपये की अनुदान राशि के चेक भेंट किए। विधायक विनोद भयाना ने नागरिकों से बातचीत करते हुए कहा कि गोसेवा हमारी संस्कृति और परंपरा का अभिन्न हिस्सा है। आज के समय में जब बदलते परिवेश में गौवंश की सुरक्षा एक चुनौती बन गई है, ऐसे में गोशालाओं की भूमिका अत्यंत महत्वपूर्ण हो जाती है। उन्होंने कहा कि हरियाणा सरकार गोसेवा और संरक्षण को लेकर निरंतर गंभीरता से कार्य कर रही है। सरकार द्वारा गौशालाओं के संचालन, चारे की व्यवस्था, चिकित्सा सुविधाओं तथा आधारभूत ढांचे के विकास के लिए विभिन्न योजनाएं लागू की गई हैं।

### मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी 30 को गुजवि में

**हिसार।** मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी 30 अप्रैल को गुरु जम्भेश्वर विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी विश्वविद्यालय में आएंगे। इस दिन मुख्यमंत्री विश्वविद्यालय में स्थापित खेजड़ली महाबलिदान स्मृति शिल्प एवं माता अमृता देवी सर्कल का लोकार्पण करेंगे। साथ ही विश्वविद्यालय में बनने वाले 140 कमरों के नए महिला छात्रावास व नए नर्सिंग ब्लॉक का शिलान्यास भी करेंगे। इस संबंध में विश्वविद्यालय ने तैयारियां आरंभ कर दी हैं। कुलपति प्रो. नरसी राम बिश्नोई ने मुख्यमंत्री से चंडीगढ़ में मुलाकात कर उन्हें विश्वविद्यालय में आने का निमंत्रण दिया, जिसे माननीय मुख्यमंत्री ने सहर्ष स्वीकार कर लिया।

**खबर संक्षेप**

### अवैध शराब की 12 बोतल के साथ एक गिरफ्तार

**हांसी।** सिसाय पुल चौकी पुलिस ने अवैध शराब की 12 बोतल के साथ एक आरोपी को गिरफ्तार किया है। आरोपी की पहचान प्रेम नगर निवासी मुकेश के रूप में हुई है। सिसाय पुल चौकी प्रभारी एसआई रविकांत ने बताया कि तिकोना पार्क के पास एक युवक सामने से संदिग्ध अवस्था में प्लास्टिक का कट्टा लेकर हुए आता दिखाई दिया। पुलिस शक के आधार पर उसे रोककर कट्टे की तलाशी ली तो प्लास्टिक कट्टे से अंग्रेजी शराब की 12 बोतल बरामद हुई।

### धोखाधड़ी मामले में उद्घोषित आरोपी काबू

**हांसी।** पीओ स्टाफ ने धोखाधड़ी मामले में उद्घोषित आरोपी को गिरफ्तार किया है। आरोपी की पहचान सुल्तानपुर निवासी कुलदीप के रूप में हुई है। उप-निरीक्षक पूजा ने बताया कि पकड़ा गया आरोपी न्यायालय में चल रहे धोखाधड़ी मामले में पेशी की तारीख पर बार-बार अनुपस्थित चल रहा था। लगातार गैर-हाजिरी के चलते अदालत द्वारा 28 मई 2025 को उसे उद्घोषित आरोपी घोषित किया गया था। पीओ स्टाफ ने आरोपी कुलदीप को काबू कर अदालत में पेश किया गया, जहां से उसे न्यायिक हिरासत में जेल भेज दिया गया।

### सट्टा खाईवाली करते दो आरोपी गिरफ्तार

हांसी। सीआईए-1 व सीआईए-2 की टीमों ने अलग-अलग स्थानों पर कार्रवाई करते हुए सट्टा खाईवाली करते हुए दो आरोपियों को काबू किया है। आरोपियों की पहचान ढाणी केंदू निवासी सुंदर व चारकुतुब गेट निवासी नवीन के रूप में हुई है। एएसआई प्रवीन कुमार ने बताया कि ढाणी केंदू निवासी सुन्दर सरेआम सट्टा खाईवाली का कार्य कर रहा है। सूचना के आधार पर पुलिस ने मौके पर पहुंच आरोपी सुन्दर सिंह को काबू कर उसकी तलाशी लेने पर उसके कब्जे से सट्टा राशि के रूप में 62,000 रुपये बरामद किए गए, जिन्हें कब्जा पुलिस में लिया गया। वहीं दूसरी ओर, सीआईए-2 हांसी की टीम ने लाला हुक्म चंद पार्क के पास कार्रवाई करते हुए चारकुतुब गेट निवासी नवीन को सट्टा खाईवाली करते हुए काबू किया। उसके कब्जे से 12,010 रुपये बरामद किए।

### कर्मियों के प्रति नकारात्मक रवैये के विरुद्ध धरना जारी

**नारनौंद।** भारतीय मजदूर से सम्बंधित अनुबन्धित विद्युत कर्मचारी संघ का कर्मचारियों के प्रति नकारात्मक रवैये के चलते धरना गुरुवार को चौथे दिन भी जारी रहा। धरने की अध्यक्षता अध्यक्ष भूपेंद्र पुनिया ने की और मंच संचालन रिंकू ने किया। इस दौरान भारतीय किसान यूनियन नारनोंद ब्लॉक के प्रधान शीलू लोहान ने कर्मचारियों को अपना समर्थन दिया। इस अवसर पर डिविजन कोषाध्यक्ष प्रदीप पांनु, जिला संगठनमंत्री रामकेश श्योराण, विकास बैनीवाल, अमरजीत दुहन, उपाध्यक्ष प्रवीण चौहान, कोषाध्यक्ष सुरेश, दिलबाग, अमित पुनिया, अतुल, जितेंद्र, कुलदीप, सुभाष आदि मौजूद थे।

## यूनियन नेताओं ने किसी भी विधायक के नहीं मिलने पर रोष जताया

# दमकल कर्मियों की मांगों को लेकर रखी हड़ताल, विधायकों के नाम सौंपे ज्ञापन

हरिभूमि न्यूज ▶▶ हिसार

नगर पालिका कर्मचारी संघ से संबंधित हरियाणा अग्निशमन विभाग कर्मचारी यूनियन की कर्मचारियों की मांगों को लेकर की जा रही हड़ताल गुरुवार को 16वें दिन भी जारी रही। जिलेभर के कर्मचारी दमकल केन्द्र पर एकत्रित हुए। हड़ताली कर्मचारियों को यूनियन के राज्य प्रधान राजेन्द्र सिणद, रामपाल, जयप्रकाश, सतबीर सहारण, जसबीर श्योकंद, देवेन्द्र लोहान व सर्व कर्मचारी संघ जिला प्रधान अशोक सैनी ने संबोधित किया।

वहीं जिला प्रधान राजेश महला व लीडिंग फायरमैन सीता राम की अध्यक्षता में आदमपुर, नलवा, बरवाला व हिसार के विधायकों प्रतिनिधियों को ज्ञापन सौंपे। यूनियन नेताओं ने इस दौरान किसी भी विधायक के नहीं मिलने पर रोष जताया। उन्होंने कहा कि विधायकों को ज्ञापन सौंपने के बारे में संदेश दे दिया गया था। जिला प्रधान राजेश महला ने बताया कि विधायकों के प्रतिनिधियों ने 27 अप्रैल को सरकार द्वारा बुलाए गए विधानसभा के विशेष सत्र में उनकी मांगें उठाने व उनको लागू करवाने का आश्वासन दिया है।



हिसार। मांगों को लेकर विधायक के प्रतिनिधियों को ज्ञापन सौंपते यूनियन पदाधिकारी।

### कर्मचारियों को न्याय दिलाने के लिए जारी है हड़ताल

हड़ताली कर्मचारियों को संबोधित करते हुए वक्ताओं ने बताया कि 16 फरवरी को फरीदाबाद के गांव मुजेसर स्थित एक स्टील कंपनी में लगी भीषण आग को बुझाते हुए दमकल कर्मचारी भवीचंद शर्मा व रणवीर सिंह की दर्दनाक मौत हो गई थी। इन दोनों वीर कर्मचारियों के बलिदान को न्याय दिलाने तथा विभागीय समस्याओं के समाधान की मांग को लेकर 8 अप्रैल से दमकल कर्मचारियों की प्रदेशभर में राज्य स्तरीय ऐतिहासिक हड़ताल लगातार जारी है। हड़ताली कर्मचारियों को कामरेड सुरेश कुमार, देशराज, सुरेश रोहिल्ला, अनिल वर्मा, सुरेन्द्र फौजी, राकेश वशिष्ठ, विकास गोस्वामी, सुरेन्द्र चहल, विकास संदलाना, नूर मोहम्मद, बजरंग सोनी, प्रवीन कुमार, सन्नी सारसर, सुरेन्द्र गोलू, राजेश बागड़ी व सुरेन्द्र मान आदि ने भी संबोधित किया।

### 33केवी से 220 केवी लाइनों में फॉल्ट पर तुरंत सूचना देने के निर्देश

हिसार। दक्षिण हरियाणा बिजली वितरण निगम एवं उत्तर हरियाणा बिजली वितरण निगम के प्रबंध निदेशक एवं हरियाणा विद्युत प्रसारण निगम के लिंक अधिकारी विक्रम सिंह के निर्देशानुसार बिजली आपूर्ति व्यवस्था को और अधिक प्रभावी एवं जवाबदेह बनाने के उद्देश्य से अधिकारियों को महत्वपूर्ण निर्देश जारी किए गए हैं। उन्होंने डीएचबीवीएन, यूएचबीवीएन एवं एचवीपीएन के अधिकारियों को निर्देश दिए हैं कि 33केवी, 66केवी, 132केवी अथवा 220केवी की किसी भी विद्युत लाइन या सब-स्टेशन में फॉल्ट आने की स्थिति में, जिससे बिजली आपूर्ति बाधित होती है, उसकी सूचना तत्काल उपलब्ध कराना अनिवार्य होगा। उन्होंने स्पष्ट किया कि सूचना के साथ फॉल्ट के कारणों का संक्षिप्त विवरण तथा समस्या के समाधान के लिए अनुमानित समय भी अनिवार्य रूप से बताया जाए, ताकि उच्च स्तर पर स्थिति की निरंतर निगरानी सुनिश्चित की जा सके। निगम प्रवक्ता संजय चुघ ने बताया कि इस व्यवस्था का उद्देश्य बिजली आपूर्ति में आने वाली बाधाओं की त्वरित निगरानी करना तथा समस्याओं का शीघ्र समाधान सुनिश्चित करना है। उन्होंने कहा कि इस कदम से उच्च वोल्टेज लाइनों एवं सब-स्टेशनों में होने वाले फॉल्ट पर त्वरित प्रतिक्रिया संभव होगी, जिससे उपभोक्ताओं को निर्बाध एवं विश्वसनीय बिजली आपूर्ति सुनिश्चित करने में महत्वपूर्ण सहायता मिलेगी।



## हकृवि के तीन विद्यार्थी राज्य स्तरीय एनएसएस अवॉर्ड के लिए चयनित

**हिसार।** हरियाणा कृषि विश्वविद्यालय के तीन विद्यार्थियों ने उच्च शिक्षा निदेशालय, हरियाणा द्वारा वर्ष 2023-24 के लिए राज्य स्तरीय एनएसएस पुरस्कारों की घोषणा में अहम स्थान प्राप्त किया है। घोषित किए गए परिणामों के अनुसार पुरुष वर्ग में कृषि महाविद्यालय के विक्रम एवं मोहित बेनीवाल को राज्य एनएसएस पुरस्कार के लिए चयनित किया गया है। वहीं, महिला वर्ग में इंदिरा चक्रवर्ती सामुदायिक विज्ञान महाविद्यालय की नेहा को इस प्रतिष्ठित सम्मान के लिए चुना गया है। विश्वविद्यालय के कुलपति प्रो. बीआर काम्बोज ने इस उपलब्धि के लिए चयनित विद्यार्थियों को बधाई देते हुए उनके उज्जवल भविष्य की कामना की है। विश्वविद्यालय के छात्र कल्याण निदेशक डॉ. मदन खीचड़ ने बताया कि इन स्वयंसेवकों ने सामाजिक सेवा, सामुदायिक विकास, स्वच्छता अभियान, पर्यावरण संरक्षण, रक्तदान शिविर, साक्षरता अभियान तथा विभिन्न जागरूकता कार्यक्रमों में सक्रिय भागीदारी निभाते हुए समाज के प्रति अपनी जिम्मेदारी का उत्कृष्ट उदाहरण प्रस्तुत किया है। इस अवसर पर ओएसडी डॉ. अतुल ढींगड़ा, डॉ. एसके पाहुजा, राष्ट्रीय सेवा योजना अवार्डी डॉ. भगत सिंह, डॉ. चन्द्रशेखर डागर, डॉ. दीपक कौशिक, डॉ. लोचन शर्मा व डॉ. अन्नु उपस्थित रहे।

## नेशनल क्वालिटी ओलंपियाड में गुजवि की सोमा देशभर में रही दूसरे स्थान पर

- अखिल भारतीय प्रतियोगिता में हरियाणा में बनी टॉपर

हरिभूमि न्यूज ▶▶ हिसार

गुरु जम्भेश्वर विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी विश्वविद्यालय के हरियाणा स्कूल ऑफ बिजनेस की छात्रा सोमा राठी ने स्वास्थ्य सेवा क्षेत्र की प्रतिष्ठित राष्ट्रीय प्रतियोगिता 'नेशनल क्वालिटी ओलंपियाड' में बड़ी सफलता हासिल की है। सोमा ने इस अखिल भारतीय प्रतियोगिता में पूरे भारत में दूसरा स्थान प्राप्त किया है, जबकि हरियाणा राज्य में वह शीर्ष पर रही हैं। इस ओलंपियाड का आयोजन 'कंसोर्टियम ऑफ एक्रिडिटेड हेल्थकेयर ऑर्गनाइजेशन' द्वारा किया गया था, जिसका उद्देश्य स्वास्थ्य सेवाओं में गुणवत्ता, रोगी सुरक्षा और निरंतर सुधार की संस्कृति को बढ़ावा देना है। इस गौरवशाली उपलब्धि के दौरान सोमा राठी को भारत के पूर्व उपराष्ट्रपति एम. वेंकैया नायडू से आशीर्वाद प्राप्त करने का सौभाग्य मिला, जिसे एचएसबी की इस छात्रा ने बड़े गर्व और जिम्मेदारी का क्षण बताया। विश्वविद्यालय के कुलपति प्रो. नरसी राम बिश्नोई ने सोमा को उनकी इस शानदार उपलब्धि पर बधाई दी। एचएसबी के निदेशक प्रो. संजीव कुमार, डीन प्रो. विनोद कुमार बिश्नोई और एमबीए हेल्थकेयर की प्रोग्राम कोऑर्डिनेटर डॉ. वंदना सिंह ने भी सोमा को इस जबरदस्त उपलब्धि के लिए बधाई दी।



हिसार। छात्रा सोमा राठी को 'नेशनल क्वालिटी ओलंपियाड' में बड़ी सफलता हासिल करने पर बधाई देते कुलपति प्रो. नरसी राम बिश्नोई।

## महिलाओं की राजनीतिक भागीदारी रोकने की साजिश में विपक्ष शामिलः डॉ. दिव्या सेठी

हरिभूमि न्यूज ▶▶ हांसी

हरियाणा भाजपा महिला मोर्चा की प्रदेश सचिव एवं हांसी महिला मोर्चा की जिला प्रभारी डॉ. दिव्या सेठी ने लोकसभा में नारी शक्ति वंदन अधिनियम पारित न होने पर कांग्रेस सहित विपक्षी दलों पर तीखा हमला बोलते हुए इसे महिलाओं के अधिकारों के साथ अन्याय बताते हुए कहा कि यह देश की आधी आबादी के सपनों को ठेस पहुंचाने वाला कदम है।

डॉ. दिव्या सेठी ने गुरुवार को पार्टी के जिला कार्यालय में आयोजित पत्रकार वार्ता को संबोधित करते हुए कहा कि 17 अप्रैल का दिन देश के इतिहास में एक स्वर्णिम अवसर के रूप में दर्ज हो सकता था। यदि यह अधिनियम पारित हो जाता तो महिलाओं को राजनीति में अधिक प्रतिनिधित्व मिलता और उनके सशक्तिकरण की दिशा में एक ऐतिहासिक कदम उठाया जाता। किंतु विपक्षी दलों की संकीर्ण मानसिकता, राजनीतिक स्वार्थ और नकारात्मक सोच के कारण यह महत्वपूर्ण अवसर व्यर्थ चला गया। उन्होंने कांग्रेस पर निशाना साधते हुए कहा कि पार्टी ने अपने लंबे शासनकाल के दौरान भी आम परिवारों से आने वाली महिलाओं, विशेषकर ग्रामीण एवं मध्यम वर्ग की महिलाओं को राजनीति में आगे आने के पर्याप्त अवसर नहीं दिए। उन्होंने आरोप लगाया कि कांग्रेस की कार्यप्रणाली हमेशा सीमित दायरे में रही है, जिसमें कुछ चुनिंदा परिवारों को ही प्राथमिकता दी गई, जबकि सामान्य वर्ग की प्रतिभाशाली महिलाओं को पीछे रखा गया। इस अवसर पर महिला मोर्चा जिलाध्यक्ष नीलम जांगड़ा, नीरज देवी, प्रीति, निशा श्योराण, मंजीत जांगड़ा सहित अन्य महिला पदाधिकारी एवं कार्यकर्ता उपस्थित रहे।



हांसी। पत्रकारों से बातचीत करतीं भाजपा महिला मोर्चा की जिला प्रभारी डॉ. दिव्या सेठी व अन्य। *फोटो : हरिभूमि*

## श्रीरामलीला कमेटी कटला ने पीएम व रेल मंत्री को पत्र भेजा

**हिसार।** श्रीरामलीला कमेटी कटला की ओर से विधायक सावित्री जिंदल व सांसद नवीन जिंदल की मार्फत प्रधानमंत्री व केंद्रीय रेल मंत्री को पत्र लिखकर रेलगाड़ी संख्या 12801/12802 पुरुषोत्तम एक्सप्रेस का हिसार तक विस्तार करवाने का अनुरोध किया गया है। अब यह मांग एक मुहिम बन गई है। रामलीला कमेटी की ओर से भेजे गए पत्र में सचिव ललित गोयल ने कहा है कि वर्तमान में उक्त गाड़ी जगन्नाथ पुरी से आनंद विहार टर्मिनल तक संचालित होती है, जहां यह गाड़ी प्रातः 3:50 बजे पहुंचती है तथा अगले दिन रात्रि 22:45 बजे पुनः प्रस्थान करती है। इस प्रकार लगभग 19 घंटे तक गाड़ी वहां रुकती है। प्रतिदिन हजारों यात्रियों की सुविधा के लिए इस गाड़ी का आसानी से हिसार तक विस्तार किया जा सकता है। पत्र में ललित गोयल ने कहा है कि यह गाड़ी प्रयागराज, विध्यांचल, पंडित दीनदयाल उपाध्याय, गयाजी, पावापुरी, पारसनाथ भुवनेश्वर एवं जगन्नाथ पुरी जैसे देश के प्रमुख धार्मिक एवं पर्यटन स्थलों को जोड़ती है। उक्त गाड़ी हरियाणा के हिसार से लेकर उत्तर प्रदेश, बिहार, झारखंड, बंगाल एवं उड़ीसा को जोड़ती है। इसका हिसार तक विस्तार होने से पूरे क्षेत्र के श्रद्धालुओं एवं यात्रियों को सीधी रेल सुविधा उपलब्ध हो सकेगी।

## विकसित भारत के लिए 'नवाचार एवं प्रौद्योगिकी' पर सम्मेलन आज से

**हिसार।** राष्ट्रीय प्रौद्योगिकी दिवस 2026 के उपलक्ष्य में, विज्ञान भारती हरियाणा (विभा) व गुरु जम्भेश्वर विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी विश्वविद्यालय की ओर से 24-25 अप्रैल को विकसित भारत '2047' के राष्ट्रीय लक्ष्य के अनुरूप विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी संगोष्ठी तथा 'विकसित भारत के लिए नवाचार एवं प्रौद्योगिकी' पर अंतरराष्ट्रीय सम्मेलन (एसटीसी एंड आईसीआईटी 2026) का आयोजन किया जाएगा। इस सम्मेलन के उद्घाटन समारोह के मुख्य अतिथि विश्व प्रसिद्ध वैज्ञानिक व भारतीय 'आकाश एयर डिफेंस सिस्टम' के जनक पद्मश्री डॉ. प्रहलाद रामाराव होंगे। समापन समारोह में 25 अप्रैल को हरियाणा केंद्रीय विश्वविद्यालय, महेंद्रगढ़ के कुलपति प्रो. टंकेश्वर कुमार मुख्य अतिथि होंगे। इस कार्यक्रम के संरक्षक गुजविप्रौवि के कुलपति प्रो. नरसी राम बिश्नोई होंगे। इनके अतिरिक्त बीआईआरएसी के मैनेजिंग डायरेक्टर डा. जितेंद्र कुमार, कार्मिक निदेशालय डीआरडीओ के निदेशक डॉ. संजय द्विवेदी, हिसार की विधायक सावित्री जिंदल, आईसीएआर के डीडीजी डॉ. राजबीर सिंह, अखिल भारतीय संगठन मंत्री विज्ञान भारती शिव कुमार शर्मा, अखिल भारतीय सह संगठन मंत्री विज्ञान भारती प्रवीन रामदास, आईयूएसी, नई दिल्ली के निदेशक प्रो. अविनाश पांडे व चौधरी देवीलाल विश्वविद्यालय सिरसा के कुलपति डॉ. विजय कुमार कार्यक्रम के विशिष्ट अतिथि रहेंगे। हरियाणा कृषि विश्वविद्यालय के कुलपति प्रो. बीआर काम्बोज, लुवास के कुलपति प्रो. विनोद वर्मा, राष्ट्रीय अश्व अनुसंधान केंद्र, हिसार के निदेशक डा. तरुण कुमार भट्टाचार्य, गुजवि के कुलसचिव डॉ. विजय कुमार भी मौजूद रहेंगे। सम्मेलन में हरियाणा कृषि विश्वविद्यालय, लाला लाजपत राय पशु चिकित्सा एवं विज्ञान विश्वविद्यालय और राष्ट्रीय अश्व अनुसंधान केंद्र भी सहयोगी रहेंगे।

**हरिभूमि**
**आवश्यक सूचना**
जिन पाठकों को अखबार मिलने में किसी भी प्रकार की असुविधा हो रही हो या उनके घर में कोई अन्य अखबार दिया जा रहा हो वह इन टेलीफोन नम्बरों पर सम्पर्क करें या व्हाट्सअप करें :-
हरिभूमि, 783, पी.एल.ए., नजदीक टाउन पार्क, हिसार
फोन : 7988727916, 9315429403, 9253681005

### वनवासी कल्याण आश्रम ने किया स्वागत समारोह

# वनवासी बंधुओं को सशक्त बनाने में हरियाणा वासियों का विशेष योगदान

हरिभूमि न्यूज ▶▶ हिसार

वनवासी कल्याण आश्रम की ओर से शहर के देवी भवन स्थित गोयनका सदन में सांस्कृतिक कार्यक्रम व स्वागत समारोह का आयोजन धूमधाम से किया गया। आगरा के छात्रावास में निशुल्क शिक्षा व संस्कार ग्रहण कर रही छात्राओं के हिसार आगमन पर भव्य स्वागत किया गया। इन छात्राओं ने वनवासी संस्कृति पर आधारित अदभुत प्रस्तुतियां देकर दर्शकों का मन मोह लिया।

कार्यक्रम के दौरान समाजसेवी राजेंद्र गुप्ता मुख्यातिथि रहे जबकि वनवासी कल्याण आश्रम के राष्ट्रीय अध्यक्ष सतेंद्र सिंह मुख्य वक्ता के रूप में मौजूद रहे। इस अवसर पर हरियाणा कृषि विश्वविद्यालय के कुलपति प्रो. बीआर काम्बोज विशेष रूप से उपस्थिति रहे। विभाग संघचालक पवन जिंदल, राष्ट्रीय कार्यकारिणी सदस्य रामबाबू सिंगल, क्षेत्रीय नगरीय कार्य प्रमुख जयभगवान, प्रदेश सचिव रामनिवास अग्रवाल सीए व सेवा भारती के प्रांत उपाध्यक्ष कमल सर्राफ भी विशेष रूप से मौजूद रहे। इनके साथ ही डॉ. ललित मोहन बंसल, डॉ. अमित महता, डॉ. सुनील अग्रवाल, डॉ. महेंद्रपाल मित्तल, डॉ. अजय गुप्ता, सीए संजय वर्मा, वेदप्रकाश गोयल, नरेश पूनिया, महावीर पूनिया व गुरमिंद्र बिसला बतौर विशिष्ट अतिथि उपस्थित रहे। मुख्य वक्ता सतेंद्र सिंह ने दर्शकों को संबोधित करते हुए कहा कि वैसे तो वनवासी बंधुओं को विभिन्न राज्यों से सहयोग मिल रहा है लेकिन वनवासियों को सशक्त करने में हरियाणावासियों का विशेष योगदान है। वनवासी कल्याण आश्रम के आगरा छात्रावास से पधारी छात्राओं ने गणेश वंदना, वंदेमातरम, मराठी व राम-राम गीत पर बेजोड़ नृत्य प्रस्तुत करके खूब वाहवाही लूटी। इस अवसर पर वनवासी कल्याण आश्रम के जिला अध्यक्ष संजीव अरोड़ा, सचिव अजय सैनी, संरक्षक जगदीश बंसल, कोषाध्यक्ष पर्व गुप्ता, उपाध्यक्ष बजरंग व ईश्वर सैनी आदि थे।



वनवासी कल्याण आश्रम के कार्यक्रम में प्रस्तुति देती वनवासी क्षेत्र की छात्राएं।

### राष्ट्रीय एकता, अखंडता और अक्षुण्णता का दिया परिचय

वनवासी कल्याण आश्रम के समारोह में आगरा से पहुंची वनवासी क्षेत्रों की छात्राओं ने विभिन्न राज्यों की संस्कृति से साक्षात्कार करवाकर राष्ट्रीय एकता, अखंडता व अक्षुण्णता का परिचय दिया। असम, मेघालय, मणिपुर, मिजोरम, अरुणाचल प्रदेश, नागालैंड, त्रिपुरा, सिक्किम, लद्दाख व कश्मीर के वनवासी नृत्यों से उन्होंने न केवल समां बांध दिया बल्कि खूब तालियां भी बंटोरी।

**खबर संक्षेप**



### वायु सेना की स्क्वाड्रन लीडर वंदना चौधरी ने किया आरपीएस सैनिक स्कूल का औचक निरीक्षण

**हांसी।** आरपीएस सैनिक पब्लिक स्कूल का गुरुवार को सैनिक स्कूल रेवाड़ी की उपप्रधानाचार्या स्क्वाड्रन लीडर (भारतीय वायु सेना) वंदना चौधरी एवं वरिष्ठ अध्यापक गजेंद्र चौहान ने निरीक्षण एवं शैक्षणिक भ्रमण किया। विद्यालय में आगमन पर स्कूल प्रबंध निदेशक डॉ. संदीप देशवाल,विद्यालय प्रधानाचार्या एकता तथा मुख्याध्यापिका पूजा राणा द्वारा स्वागत किया गया। निरीक्षण के दौरान उन्होंने विद्यालय परिसर का अवलोकन किया। इस दौरान उन्होंने कक्षा 7 के कैडेट्स के साथ संवाद किया तथा उन्हें भारतीय सशस्त्र बलों में शामिल होने के लिए प्रेरित किया। इसके पश्चात उन्होंने विद्यालय के भोजनालय में विद्यार्थियों एवं शिक्षकों के साथ विशेष भोज का आयोजन किया गया। इस अवसर पर स्कूल प्रबंध निदेशक डॉ. संदीप देशवाल एवं विद्यालय प्रधानाचार्या एकता द्वारा अतिथियों को स्मृति-चिह्न भेंट कर सम्मानित किया गया।



### ओएसजीयू में दिए ज्यूडिशियरी की तैयारी के टिप्स

**हिसार।** ओम स्टर्लिंग ग्लोबल विश्वविद्यालय कैंपस में दिल्ली के प्रतिष्ठित 'एम्बिशन लॉ इंस्टीट्यूट' के विशेषज्ञों ने छात्रों को ज्यूडिशियरी परीक्षाओं की बारीकियों से रूबरू कराया। विश्वविद्यालय के चांसलर डॉ. पुनीत गोयल और प्रो-चांसलर डॉ. पूनम गोयल ने कहा कि ऐसे सत्रों से विद्यार्थियों को न्यायिक क्षेत्र में उच्च पदों तक पहुंचने का सही रास्ता मिलता है। इस अवसर पर एम्बिशन लॉ इंस्टीट्यूट, दिल्ली के सीनियर प्रोफेसर आरुषि चौधरी और विजय कुमार ने विद्यार्थियों के लिए एक विशेष सत्र को संबोधित किया। उन्होंने हिंदू कानून और संवैधानिक कानून जैसे महत्वपूर्ण विषयों पर 'एक्सपर्ट लेक्चर' दिया। लेक्चर के दौरान विशेषज्ञों ने छात्रों को बताया कि कैसे अपनी नियमित पढ़ाई के साथ-साथ न्यायिक सेवा परीक्षाओं की तैयारी की जा सकती है। संस्थान के ग्रुप सीओओ डॉ. अजय पोद्दार व कुलपति डॉ. एनपी कौशिक ने भी विद्यार्थियों को प्रेरित करते हुए कहा कि एम्बिशन लॉ इंस्टीट्यूट के प्रतिष्ठित विशेषज्ञों से सीधे रूबरू होने का यह मौका उनके करियर के लिए टर्निंग पॉइंट साबित हो सकता है। कार्यक्रम के दौरान डिप्टी डायरेक्टर (ज्यूडिशियरी) नीरज तनेजा एवं एडवोकेट सचिन गोयल ने एम्बिशन लॉ इंस्टीट्यूट के विशेषज्ञों का धन्यवाद किया।



### प्रशिक्षण में प्रश्नोत्तरी से समझाया जनगणना कार्य

**हिसार।** पीएम श्री गंगवा विद्यालय में आयोजित जनगणना प्रशिक्षण के तीसरे दिन प्रशिक्षक अशोक वशिष्ठ ने नवाचारी प्रयोग करते हुए जनगणना के लिए विविध गतिविधियों पर आधारित प्रश्नोत्तरी प्रतियोगिता करवाई। उन्होंने जनगणना के इतिहास, महत्व, उद्देश्य, डिजिटल जनगणना, मकानों की सूची, नंबर देना,प्रश्नावली, स्व जनगणना, एच एल ओ ऐप के प्रयोग, संभावित समस्याओं व उनके समाधान, मोबाइल सुरक्षा आदि के बारे प्रतिभागी शिक्षकों से प्रश्नोत्तर विधि से संवाद किया। अंतिम चरण में चयनित सभी टीमों ने सभी प्रश्नों के सही उत्तर दिए। द्वितीय सत्र में प्रतिपुष्टि के बाद प्रशिक्षक सुरेश गोयत ने सभी प्रतिभागियों को जनगणना कार्य को सेवा भाव, निष्पक्षता ईमानदारी व सटीकता के साथ करने की शपथ दिलाई। प्रशिक्षक अशोक वशिष्ठ ने प्रतिभागियों को अधिकाधिक स्वगणना करने, अपने आस-पड़ोस व विद्यालयों में द्यिार्थियों को जागरूक करने का आह्वान किया। इस बार डिजिटल जनगणना के लिए सभी प्रतिभागियों को पीपीटी के माध्यम से प्रशिक्षण दिया। प्राचार्य जय भगवान वर्मा, जिला प्रशासन की ओर से सचिन गर्ग, पवन कस्वां, अमित कुमार ने प्रशिक्षण का निरीक्षण कर प्रशिक्षकों को प्रभावी एवं श्रेष्ठ प्रशिक्षण देने की बधाई दी। प्रशिक्षण में प्रिंस शर्मा, सतीश, विनोद, गोरखा, खुशीराम, सुरेंद्र शर्मा, विनय शास्त्री, जीवन, संजय, गीता, रेखा, ललिता, सावित्री, अलका, अनुराधा सहित 50 प्रतिभागी शिक्षकों ने भाग लिया।



### आधार अस्पताल को राष्ट्रीय स्तर पर मिला सम्मान

**हिसार।** अंतरराष्ट्रीय गुणवत्ता स्वास्थ्य देखभाल संस्था (द्धस्क्तह्ड्ड) के तत्वाधान में चेन्नई ट्रेड सेंटर, चेन्नई में आयोजित हेल्थकेयर गुणवत्ता प्रबंधन संस्थान के दसवें वार्षिक सम्मेलन में आधार अस्पताल को उत्कृष्ट योगदान के लिए सम्मानित किया गया। देशभर से चयनित आठ संस्थानों में शामिल आधार अस्पताल को मुख्य अतिथि पूर्व उपराष्ट्रपति एम वेंकैया नायडू द्वारा सेन्टर फॉर क्वालिटी प्रमोशन प्रमाण पत्र से सम्मानित किया गया। इस सम्मान को प्राप्त करने के लिए अस्पताल के प्रतिनिधि मंडल में प्रवीण कुमार, योगेश कपिल, स्नेहा, गीता रानी और कमलेश रानी शामिल रहे। सम्मेलन की थीम तकनीक, मानवीय स्पर्श और विश्वास रही, जिसमें रोगी सुरक्षा, गुणवत्ता सुधार और डिजिटल हेल्थ ट्रांसफॉर्मेशन जैसे महत्वपूर्ण विषयों पर विशेष चर्चा की गई। इस अवसर पर पूर्व उपराष्ट्रपति ने आधार अस्पताल के प्रयासों की सराहना करते हुए कहा कि गुणवत्तापूर्ण और सुरक्षित स्वास्थ्य सेवाएं वर्तमान समय की सबसे बड़ी आवश्यकता हैं और ऐसे संस्थान समाज के लिए प्रेरणा का स्रोत हैं।

### जिंदल स्टेनलेस ने शुरू किया अपना ब्रांड अभियान

**हिसार।** बॉलीवुड अभिनेता रणवीर सिंह को ब्रांड एंबेसडर घोषित करने के दो हफ्ते बाद जिंदल स्टेनलेस ने अपना पहला ब्रांड अभियान शुरू किया है, जिसका नाम है जिंदल साथी सील है, तो असली स्टेनलेस स्टील है। इस अभियान के साथ कंपनी अब केवल उद्योग तक सीमित रहने के बजाय सीधे उपभोक्ताओं से जुड़ने की दिशा में आगे बढ़ रही है। बॉलीवुड अभिनेता रणवीर सिंह इस अभियान में मुख्य चेहरा हैं। इस अभियान में जिंदल साथी सील को भरोसे और असलियत की पहचान के रूप में सामने लाया गया है, ताकि उपभोक्ता आसानी से असली स्टेनलेस स्टील उत्पादों को पहचान सकें। ब्रांड फिल्म में खास तौर पर पाइप्स और ट्यूब्स श्रेणी पर ध्यान दिया गया है, जिनका उपयोग इंफ्रास्ट्रक्चर, घरों और निर्माण कार्यों में बड़े स्तर पर होता है। जिंदल स्टेनलेस के प्रबंध निदेशक अभ्युदय जिंदल ने ब्रांड फिल्म पर टिप्पणी करते हुए कहा के कि जिंदल स्टेनलेस का मानना है कि स्टेनलेस स्टील एक ऐसा पदार्थ है, जो इंफ्रास्ट्रक्चर, उद्योग और रोज़मर्रा के उपयोग में भारत की प्रगति को गति दे रहा है। हालांकि, नकली उत्पादों की मौजूदगी इस क्षेत्र के लिए एक बड़ी चुनौती बनी हुई है। जिंदल साथी सील है, तो असली स्टेनलेस स्टील है अभियान के माध्यम से हम इस समस्या को दूर करने का प्रयास कर रहे हैं, ताकि इस श्रेणी में अधिक पारदर्शिता और भरोसा पैदा हो, और उपभोक्ताओं को सही निर्णय लेने में बिल्कुल भी परेशानी न हो।

### नगर निगम की टीम ने पकड़े 21 बेसहारा पशु

**हिसार।** नगर निगम की ओर से बेसहारा पशुओं को पकड़ने का अभियान लगातार जारी है। इस अभियान के सहायक नोडल अधिकारी सुरेन्द्र वर्मा की देखरेख में नगर निगम की टीम ने गुरुवार को विभिन्न क्षेत्रों में कार्रवाई की। नोडल अधिकारी सुरेन्द्र वर्मा ने बताया कि नगर निगम की टीम ने पड़ाव चौक, प्रेम नगर, ऋषि नगर, अम्बेडकर बस्ती, हाउसिंग बोर्ड सिरसा रोड, सुंदर नगर, तेजा मार्केट के आसपास क्षेत्र से 21 बेसहारा पशुओं को पकड़ा। पकड़े गए पशुओं को गोअभ्यारण्य भेज दिया गया है। एएसआई संदीप बिश्नोई व पुलिस विभाग की टीम भी मौजूद रही।